दृष्टि The Vision

# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)



## अगस्त भाग-2 2021

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009

फोन: 8750187501

ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न भाग-2

1. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा संवाद कार्यक्रम का सबसे अच्छा वर्णन करता है:
   - A. यह कैदियों और जेल कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के प्रबंधन के लिये शुरू किया गया है।
   - B. यह चिंता, तनाव, अवसाद, आत्महत्या के विचार और अन्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का सामना कर रहे लोगों को सहायता प्रदान करने के लिये 24/7 टोल-फ्री हेल्पलाइन है।
   - C. इसका उद्देश्य कोविड-19 के दौरान में छात्रों, परिवार के सदस्यों और शिक्षकों को उनके मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिये मनोसामाजिक सहायता प्रदान करना है।
   - D. इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन बच्चों के लिये मानसिक स्वास्थ्य तक पहुँच बनाना है जो बच्चे तस्करी के शिकार या अनाथ हैं।

2. 'IBSA' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह भारत, ब्राज़ील और दक्षिण अफ्रीका के मध्य एक त्रिपक्षीय विकासात्मक पहल है।
   2. यह दक्षिण-दक्षिण सहयोग (SSC) का पहला उदाहरण है।
   3. 'IBSA' की विकासात्मक परियोजनाओं का वित्त पोषण अफ्रीकी विकास बैंक द्वारा किया जाता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   - A. केवल 1
   - B. केवल 1 और 2
   - C. केवल 1 और 3
   - D. 1, 2 और 3

3. गुटनिरपेक्ष आंदोलन (NAM) के संस्थापक सिद्धांतों को निम्नलिखित में से कौन-सी पहल के परिणामस्वरूप अपनाया गया?
   - A. ब्राज़ीलिया घोषणा
   - B. बांडुंग सम्मेलन
   - C. नैरोबी घोषणा
   - D. वियना कन्वेंशन

4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. एक व्यक्ति जिसे राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के लिए दोषी ठहराया जाता है, वह 6 वर्ष के लिये संसद और राज्य विधानमंडल के चुनाव लड़ने हेतु अयोग्य है।
   2. भारतीय संविधान के भाग IV-A में राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करने के लिये भारत के प्रत्येक नागरिक के मौलिक कर्तव्य का उल्लेख है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   - A. केवल 1
   - B. केवल 2
   - C. 1 और 2 दोनों
   - D. न तो 1 और न ही 2

5. निम्नलिखित जोड़े पर विचार कीजिये:

| | **भारत के समुद्री अभ्यास** | **देश** |
|---|---|---|
| 1. | ज़ैर-अल-बहरी | क़तर |
| 2. | नसीम-अल-बहर | सऊदी अरब |
| 3. | अल-मोहद अल-हिंदी अभ्यास | ओमान |

**नोट :**

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2और 3
D. 1, 2 और 3

6. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 'उत्पादकता एवं सेवाओं को बढ़ाने के लिये प्रशिक्षण' (TAPAS) पहल का सबसे अच्छा वर्णन करता है:

A. यह युवा और इच्छुक लोगों के लिये ऑनलाइन पाठ्यक्रमों हेतु एक एकीकृत मंच और पोर्टल प्रदान करने की एक पहल है।
B. इसका उद्देश्य 24X7 आधार पर देश भर में डीटीएच के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षिक चैनल प्रदान करना है।
C. यह एक मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स (MOOC) प्लेटफॉर्म है जो हितधारकों की क्षमता निर्माण के लिये सामाजिक रक्षा के क्षेत्र में विभिन्न पाठ्यक्रम प्रदान करता है।
D. इसका उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence) की सहायता से सीखने वाले की व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप एक अनुकूलित प्रणाली को विकसित करना है।

7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'दोहा वार्ता' तालिबान और अफगान सरकार के बीच पहली बैठक थी।
2. 'दोहा वार्ता' के दौरान ही अमेरिकी प्रशासन ने मई 2021 तक अफगानिस्तान से सभी अमेरिकी सैनिकों को वापस लेने का वादा किया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

8. भारत में जनगणना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'आईन-ए-अकबरी' में जनसंख्या, उद्योग, धन और कई अन्य विशेषताओं से संबंधित व्यापक डेटा शामिल थे।
2. भारत की पहली जनगणना गवर्नर-जनरल लॉर्ड मेयो के शासनकाल के दौरान हुई थी।
3. भारत में जनगणना सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) द्वारा आयोजित की जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
A. केवल 2
B. 1, 2 और 3

9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 350-B भाषाई अल्पसंख्यकों के लिये एक विशेष अधिकारी की नियुक्ति का प्रावधान करता है।
2. भाषाई अल्पसंख्यकों के लिये विशेष अधिकारी की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

10. स्लेंडर लोरिस के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वे भारत और श्रीलंका के स्थानिक/मूल निवासी हैं।
2. ऐसा माना जाता है कि इनमें औषधीय गुण होते हैं और इसलिये इन्हें पकड़कर बेचा जाता है।
3. इसे IUCN रेड लिस्ट में गंभीर रूप से संकटग्रस्त के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

11. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. रक्षा परीक्षण अवसंरचना योजना (DTIS) में विश्व बैंक के सहयोग से ग्रीनफील्ड रक्षा परीक्षण अवसंरचना सुविधाएँ स्थापित करने की परिकल्पना की गई है।
2. मेक इन इंडिया पहल के तहत सरकार ने उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में रक्षा औद्योगिक गलियारे (DIC) की स्थापना की घोषणा की है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

12. खासी समुदाय के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह मेघालय की सबसे बड़ी जनजाति है।
2. खासी लोग खुद को आचिक कहते हैं।
3. खासी समुदाय में संपत्ति और उत्तराधिकार का अनुक्रमण महिलाओं द्वारा चलता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1और 3
D. 1, 2 और 3

13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उन्होंने 'मिस्लों' को समाप्त कर एक साम्राज्य का गठन किया।
2. उन्होंने अपनी सेना में बड़ी संख्या में यूरोपीय अधिकारियों को नियुक्त किया।
3. उन्होंने उत्तर पश्चिमी भारतीय उपमहाद्वीप पर शासन किया।

उपरोक्त कथन भारत में निम्नलिखित में से किस शासक का सबसे उपयुक्त वर्णन करते हैं।

A. महाराजा छत्रसाली
B. टीपू सुल्तान
C. महराजा सूरजमल
D. महाराजा रणजीत सिंह

14. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सुंदरबन विश्व का एकमात्र मैंग्रोव बाघ निवास स्थान है।
2. सुंदरबन के संरक्षित क्षेत्रों (PA) को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थलों के रूप में नामित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

15. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह बाँध महानदी नदी पर बना है।
2. यह भारत का सबसे लंबा बांध है।
3. डेब्रीगढ़ वन्यजीव अभयारण्य इस बांध के पास स्थित है।

निम्नलिखित में से किस बाँध का वर्णन उपरोक्त कथनों में किया गया है?

A. हीराकुंड बाँध
B. मंदिरा बाँध
C. नागार्जुन सागर बाँध
D. इंदिरा सागर बाँध

16.निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. भारत में, उच्च न्यायपालिका के न्यायाधीशों की नियुक्ति केवल कॉलेजियम प्रणाली के माध्यम से की जाती है।
2. न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिये कॉलेजियम द्वारा दोबारा उन्हीं नामों की सिफारिश किये जाने पर पर सरकार आपत्ति नहीं कर सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

17. भू-स्थानिक डेटा पर जानकारी प्रदान करने के लिये भारत सरकार द्वारा शुरू किये गए वेब पोर्टल निम्नलिखित में से कौन-से हैं :

1. भुवन
2. सारथी
3. मानचित्रण

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

नोट :

18. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) का गठन पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत किया गया है।
    2. CPCB पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को तकनीकी सेवाएँ प्रदान करता है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. भारतीय संविधान में न्यायाधिकरणों को 42वें संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा शामिल किया गया था।
    2. प्रशासनिक न्यायाधिकरण की उत्पत्ति भारतीय संविधान के अनुच्छेद 323A से हुई है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

20. 'यूनाइट अवेयर' प्रोग्राम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. इसे भारत द्वारा संयुक्त राष्ट्र (UN) के सहयोग से लॉन्च किया गया है।
    2. इसका उद्देश्य अफगानिस्तान में संकट से निपटने के लिये 'संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन' को तैनात करना है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

21. मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. वर्ष 1989 का मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल एक जलवायु समझौता है जिसका उद्देश्य क्लोरोफ्लोरो कार्बन (CFCs) जैसे ओज़ोन क्षरण पदार्थों से पृथ्वी की रक्षा करना है।
    2. मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल में किगाली संशोधन ने CFCs के प्रतिस्थापन के रूप में हाइड्रोफ्लोरोकार्बन (HFCs) के उपयोग को बल दिया।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

22. मोपला विद्रोह के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. मोपला वे मुसलमान थे जो केरल के मालाबार तट पर रहते थे।
    2. खिलाफत और असहयोग आंदोलन मोपला विद्रोह के प्रमुख कारणों में से एक था।
    3. वैगन ट्रैज़डी, विद्रोह के बाद मोपला कैदियों की मौत से जुड़ी है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1 और 2
    B. केवल 2 और 3
    C. केवल 1
    D. 1, 2 और 3

नोट :

23. नाभिकीय संलयन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. भारी समस्थानिक ऊर्जा उत्पन्न करने के लिये अलग हो जाते हैं।
    2. यह वह प्रक्रिया है जो सूर्य को ऊर्जा प्रदान करती है।
    3. यह प्लाज्मा नामक पदार्थ की अवस्था में होता है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. केवल 2 और 3
    D. 1, 2 और 3

24. निम्नलिखित में से कौन भारतीय रिज़र्व बैंक की मौद्रिक नीति का मात्रात्मक साधन नहीं है?

    A. बैंक दर
    B. नगद आरक्षित अनुपात
    C. खुला बाज़ार परिचालन
    D. सुरक्षित ऋणों पर मार्जिन आवश्यकताओं को लागू करना

25. आदि कैस्केड मेंढक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

    1. इसका नाम अरुणाचल प्रदेश की आदि पहाड़ियों में रहने वाली स्वदेशी आदि जनजाति के नाम पर रखा गया है।
    2. कैस्केड मेंढकों का नाम महासागरों और बड़े जल निकायों रहने के कारण रखा गया है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

26. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) संयुक्त राष्ट्र की विशेष एजेंसी है।
    2. इसकी स्थापना वियना अंतर्राष्ट्रीय मौसम विज्ञान कांग्रेस, 1873 के बाद की गई थी।
    3. WMO द्वारा 'स्टेट ऑफ द ग्लोबल क्लाइमेट' रिपोर्ट जारी की गई है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2 और 3
    C. केवल 3
    D. केवल 1 और 3

27. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. भारतीय संविधान का भाग XVI केंद्र और राज्य विधानसभाओं में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण से संबंधित है।
    2. अनुच्छेद 243 प्रत्येक पंचायत और नगर पालिका में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिये सीटों के आरक्षण का प्रावधान करता है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

28. तुंगभद्रा नदी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. यह कृष्णा नदी की एक सहायक नदी है, जो अरब सागर में गिरती है।
2. पम्पा सागर बाँध तुंगभद्रा नदी पर बना है।
3. इसकी प्रमुख सहायक नदियाँ भद्रा, हरिद्रा, वेदवती, तुंगा हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

29. 'धरोहर गोद लें' परियोजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पर्यटन मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण और राज्य/केंद्रशासित प्रदेशों की सरकारों का एक सहयोगात्मक प्रयास है।
2. परियोजना के तहत चयनित स्थलों/स्मारकों की रखवाली करने वाले सुरक्षा व्यक्तियों को स्मारक मित्र कहा जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

30. प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा और उत्थान महाभियान (PM KUSUM) योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसमें सौर कृषि जल पंपों और मौजूदा ग्रिड से जुड़े कृषि पंपों के सौरकरण का प्रावधान हैं।
2. यह बिजली की कृषि खपत पर DISCOM के सब्सिडी के बोझ को कम कर सकता है।
3. इस योजना का नोडल मंत्रालय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

31. शंकराचार्य के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उन्होंने अद्वैत सिद्धांत का प्रतिपादन किया।
2. ब्रह्मसूत्रभाष्य और भजगोविन्दम स्तोत्र शंकराचार्य की प्रमुख कृतियाँ हैं।
3. इन्होने भारत में उस समय हिंदू धर्म को पुनर्जीवित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई जब बौद्ध धर्म लोकप्रियता प्राप्त कर रहा था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

32. 'लोकटक झील' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में मीठे पानी की सबसे बड़ी झील है।
2. इसे 'माधुरी झील' के नाम से जाना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

33. ग्रीष्म लहरों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह हवा के तापमान की एक स्थिति है जो मानव शरीर के लिये नुकसानदायक होती है।
2. ये मुख्य रूप से मानसून पूर्व अवधि में उत्पन्न होती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

34. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. द्रविड़ भाषाएँ केवल भारत और श्रीलंका में बोली जाती हैं।
2. कुरुख आंध्र प्रदेश की द्रविड़ भाषी अनुसूचित जनजाति हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

35. जन शिक्षण संस्थान (JSS) योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस योजना का उद्देश्य न्यूनतम लागत और बुनियादी ढाँचे के साथ लाभार्थियों के दरवाज़े पर व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना है।
2. यह भारत सरकार से 100% अनुदान के साथ गैर-सरकारी संगठनों के माध्यम से कार्यान्वित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

36. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

| **महत्वपूर्ण संस्कृत कार्य** | **लेखक** |
|---|---|
| 1. अष्टाध्यायी | पाणिनी |
| 2. कालिदास | मृच्छकटिकम् |
| 3. अश्वघोष | बुद्धचरित |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत का पहला राष्ट्रीय उद्यान है।
2. इसे लुप्तप्राय बंगाल टाइगर की रक्षा के लिये वर्ष1936 में हैली नेशनल पार्क के रूप में स्थापित किया गया था।
3. यह शिवालिक और बाह्य हिमालयी भूवैज्ञानिक प्रांतों के अंतर्गत आता है।

उपरोक्त कथन भारत के निम्नलिखित में से किस राष्ट्रीय उद्यान का सबसे उपयुक्त वर्णन करते हैं?

A. दाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान

B. जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क

C. राजाजी राष्ट्रीय उद्यान

D. नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान

38. युक्तधारा पोर्टल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. यह 'भुवन' के तहत एक नया भू-स्थानिक नियोजन पोर्टल है।
2. यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय का एक संयुक्त प्रयास है।
3. यह विभिन्न राष्ट्रीय ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के तहत सृजित जियोटैग्ड परिसंपत्तियों के भंडार के रूप में कार्य करेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 3

C. केवल 2

D. 1, 2 और 3

39. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ज़ूजैन्थेले, प्रवाल को प्रकाश संश्लेषण हेतु आवश्यक यौगिक प्रदान करता है।
2. कोरल के अद्वितीय और सुंदर रंगों के लिये ज़ूजैन्थेले ज़िम्मेदार हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

40.'भूकंप' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गतिमान लिथोस्फेरिक या क्रस्टल प्लेटों के बीच संचरित दबाव का मुक्त होना इसका मुख्य कारण है।
2. पृथ्वी की सतह के नीचे का वह स्थान जहाँ से भूकंप शुरू होता है, 'अधिकेंद्र' कहलाता है।
3. 'वडाती- बेनिओफ ज़ोन', 'डीप अर्थक्वेक/भूकंप' से संबद्ध है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

41. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. चकमा और हाजोंग जातीय समुदाय हैं जो तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान से आकर अरुणाचल प्रदेश में बस गए थे।
2. चकमा मुख्य रूप से हिंदू हैं जबकि हाजोंग बौद्ध हैं।
3. चकमा और हाजोंग प्रत्यक्ष रूप से नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 के दायरे में आते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

42. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह बेल्लारी ज़िले में तुंगभद्रा बेसिन में स्थित है।
2. खंभों वाले मंडपों की कतार से घिरी चौड़ी सड़कें इस शहर के मंदिरों की अनूठी विशेषताओं में से एक हैं।
3. मध्यकाल में यह बीजिंग के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मध्ययुगीन शहर था।
4. तालिकोटा की लड़ाई में इस शहर को जीत लिया गया और नष्ट कर दिया गया।

उपर्युक्त कथन भारत के निम्नलिखित में से किस प्राचीन शहर का सबसे उपयुक्त वर्णन करते हैं?

A. कांचीपुरम
B. तंजावुरी
C. मदुरै
D. हम्पी

43. पश्चिम बंगाल के निम्नलिखित में से किन उत्पादों को GI टैग दिया गया है?

1. मदुर फ्लोर मैट
2. कुष्मंडी का लकड़ी का मुखौटा
3. पुरुलिया चौ-मुखौटा
4. गोविंदभोग चावल

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

नोट :

44. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. श्री नारायण गुरु अद्वैत वेदांत के प्रस्तावक थे।
2. श्री नारायण गुरु ने वायकोम आंदोलन को गति प्रदान की जिसका उद्देश्य निचली जातियों के लिये मंदिर में प्रवेश करना था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

45. 'राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसके तहत केंद्र और राज्य सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की संपत्ति का विनिवेश किया जाएगा।
2. इसमें ग्रीनफील्ड परियोजनाओं के परिसंपत्ति मुद्रीकरण की परिकल्पना की गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

46. निम्नलिखित में से कौन-सा/से स्वास्थ्य क्षेत्र में नैनो प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग हैं/हैं?

1. आँख की शल्य चिकित्सा
2. दिल के दौरे का पता लगाना
3. दवा वितरण
4. रक्तप्रवाह से विषाक्त पदार्थों को निकालना

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

47. 'की इंडिकेटर फॉर एशिया एंड द पैसिफिक 2021' रिपोर्ट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे 'एशिया-प्रशांत के लिये संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग' (ESCAP) द्वारा जारी किया गया है।
2. विगत वर्षों में 'एशिया-प्रशांत' क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में काफी सुधार हुआ है और वर्ष 2019 में इस क्षेत्र ने वैश्विक जीडीपी में 35% तक का योगदान दिया है।
3. वर्ष 2019 से वर्ष 2020 के बीच महिलाओं और पुरुषों दोनों के बीच श्रम बल भागीदारी दर में गिरावट आई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 3

नोट :

48. 'EASE 4.0 रिफॉर्म एजेंडा' हाल ही में चर्चा में रहा है। यह निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में सुधारों से संबंधित है?

A. विनिर्माण क्षेत्र में सुधार
B. वैश्विक कराधान सुधार
C. उच्च न्यायपालिका सुधार
D. बैंकिंग सुधार

49. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. न्यूमोकोकल रोग केवल 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को प्रभावित करता है।
2. न्यूमोकोकल सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (UIP) के अंतर्गत आता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

50. परिवहन क्षेत्र के डिकार्बोनाइज़ेशन के लिये फोरम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. फोरम को संयुक्त रूप से NITI Aayog और वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट (WRI), भारत द्वारा लॉन्च किया गया था।
2. यह फोरम राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) - एशिया के लिये परिवहन पहल (NDC-TIA) परियोजना का एक हिस्सा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं??

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मौलिक अधिकार पिछड़े वर्गों को आरक्षण प्रदान करने का आधार बनते हैं।
2. क्रीमी लेयर की अवधारणा को इंद्रा साहनी मामले में प्रस्तावित किया गया था।
3. रोहिणी आयोग का गठन OBC श्रेणी के उप-वर्गीकरण के कार्य को पूरा करने के लिये किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

52. 'चिल्ड्रेन क्लाइमेट रिस्क इंडेक्स' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह 'संयुक्त राष्ट्र बाल कोष' (यूनिसेफ) द्वारा 'फ्राइडे फॉर फ्यूचर' के सहयोग से शुरू किया गया है।
2. भारत उन चार दक्षिण एशियाई देशों में शामिल है, जहाँ बच्चों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का सबसे अधिक खतरा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

53. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. चिकनगुनिया संक्रमित मच्छर के काटने से लोगों में फैलता है।
2. BBV87 वैक्सीन भारत बायोटेक द्वारा इंटरनेशनल वैक्सीन इंस्टीट्यूट (IVI) की साझेदारी में विकसित एक चिकनगुनिया वैक्सीन है।
3. BBV87 को कोएलिशन फॉर एपिडेमिक प्रिपेयर्डनेस इनोवेशन (CEPI) द्वारा Ind-CEPI मिशन के समर्थन से वित्त पोषित किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

54. समृद्ध कार्यक्रम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. इसे इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) द्वारा लॉन्च किया गया है।
2. इसका उद्देश्य भारतीय हार्डवेयर उत्पाद स्टार्ट-अप के लिये एक अनुकूल मंच तैयार करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

55. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'भूल जाने का अधिकार' अनुच्छेद-21 के तहत निजता के अधिकार का हिस्सा है।
2. 'पुट्टस्वामी बनाम भारत संघ' (वर्ष 2017) मामले में निजता के अधिकार को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मौलिक अधिकार घोषित किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

56. 'सांभर झील' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत का सबसे बड़ा अंतर्देशीय लवणीय जल निकाय है।
2. इसे वर्ष 1990 में रामसर साइट घोषित किया गया था।
3. यह घग्गर नदी से जल ग्रहण करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

**नोट :**

57. निम्नलिखित में से कौन जलियांवाला बाग घटना के परिणाम थे?

1. घटना के बाद पंजाब में मार्शल लॉ घोषित कर दिया गया।
2. महात्मा गांधी ने कैसर-ए-हिंद की उपाधि त्याग दी।
3. वायसराय की कार्यकारी परिषद में भारतीय प्रतिनिधि ने पद से इस्तीफा दे दिया।
4. इस घटना ने असहयोग आंदोलन का मार्ग प्रशस्त किया।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

58. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वह महाराजा रणजीत सिंह की सेना में सेनापति और कश्मीर के प्रशासक थे।
2. उन्होंने अफगानों को उत्तर-पश्चिम सीमा को नुकसान पहुँचाने रोकने के लिये खैबर दर्रे पर अपना नियंत्रण स्थापित किया।
3. अफगानों के खिलाफ उन्होंने पेशावर तथा कसूर की लड़ाई लड़ी।

उपरोक्त कथन निम्नलिखित में से किस सिख योद्धा का सबसे उपयुक्त वर्णन करते हैं?

A. हरि सिंह नलवा
B. साहिबजादा अजीत सिंह
C. गुरु अर्जन
D. बंदा सिंह बहादुर

59. 'स्वेट इक्विटी' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह कंपनी के कर्मचारी या संस्थापक की ओर से कंपनी को दिया गया गैर-मौद्रिक योगदान होता है।
2. इसका उपयोग प्राय: स्टार्टअप और व्यवसायों के मालिकों द्वारा अपनी कंपनियों के लिये फंड जुटाने हेतु किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

60. 'मिल्की सी' घटना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह समुद्री 'बायोलुमिनसेंस' का एक दुर्लभ रूप है।
2. यह घटना 'चमकदार बैक्टीरिया' और 'सूक्ष्म शैवाल' के मध्य 'सैप्रोफाइटिक संबंध' से उत्पन्न होती है।
3. 'हिंद महासागर द्विध्रुव' अपने सकारात्मक चरण के दौरान इसके निर्माण के लिये अनुकूल परिस्थितियाँ प्रदान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

61. 'इन्फ्रास्ट्रक्चर इंवेस्टमेंट ट्रस्ट' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इन्हें बुनियादी अवसंरचना परियोजनाओं में निवेश के लिये छोटी रकम जमा करने हेतु डिज़ाइन किया जाता है।
2. इन्हें भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा विनियमित किया जाता है।
3. यह उच्च आय वाले व्यक्तियों के लिये उपयुक्त होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

62. 'ई-श्रम' पोर्टल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसके तहत प्रत्येक पंजीकृत कर्मचारी को 12 अंकों की विशिष्ट संख्या वाला ई-श्रम कार्ड जारी किया जाएगा।
2. सभी पंजीकृत असंगठित श्रमिकों को एक वर्ष के लिये 'प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना' (PMSBY) के माध्यम से दुर्घटना बीमा कवरेज़ प्रदान किया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

63. प्रधानमंत्री जन धन योजना (PMJDY) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह वित्तीय समावेशन की दृष्टि से वित्तीय सेवाओं तक पहुँच सुनिश्चित करने हेतु एक राष्ट्रीय मिशन है।
2. यह खाताधारकों को अल्पकालिक ऋण के रूप में धन निकासी की अनुमति देता है।
3. PMJDY के तहत परिचालन खातों के प्रतिशत में लगातार वृद्धि हुई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

64. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | जलविद्युत परियोजनाएँ | नदियाँ |
|---|---|---|
| 1. | टिहरी बाँध | भागीरथी नदी |
| 2. | तपोवन विष्णुगढ़ | अलकनंदा नदी |
| 3. | विष्णुगढ़ पीपलकोटि | धौलीगंगा नदी |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

65. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत निर्वाचन आयोग (ECI) को वर्ष 1989 में एक बहु-सदस्यीय निकाय बनाया गया था।
2. चुनाव आयुक्त 6 साल की अवधि हेतु या 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, तक पद धारण करता है।
3. SVEEP पहल मतदाता शिक्षा हेतु ECI का एक प्रमुख कार्यक्रम है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

66. लघु वित्त बैंक (SFB) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी के रूप में पंजीकृत है।
2. इसके लिये अपने समायोजित निवल बैंक ऋण का 75% प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण (PSL) को देना अनिवार्य है।
3. SFB केवल RBI अधिनियम, 1934 और बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के प्रावधानों द्वारा शासित होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

67. वेस्ट नील वायरस (WNV) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे पक्षियों के लिये रोगजनक नहीं माना जाता है।
2. WNV से होने वाली बीमारी संक्रमित मच्छरों द्वारा फैलती है।
3. WNV के कारण होने वाली बीमारी मनुष्यों में एक घातक न्यूरोलॉजिकल रोग का कारण बन सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1 और 3

68. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'खाद्य तेल पर राष्ट्रीय मिशन'- ऑयल पाम (NMEO-OP) एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. NMEO-OP योजना के तहत पाम ऑयल किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी और उन्हें मूल्य एवं व्यवहार्यता सूत्र के तहत पारिश्रमिक मिलेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

69. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19 (1) (d) प्रत्येक नागरिक को देश के सभी क्षेत्रों में अबाध भ्रमण करने की स्वतंत्रता प्रदान करता है।
2. आम जन के हितों की रक्षा और किसी भी अनुसूचित जनजाति के हितों की रक्षा के लिये लोगों के अबाध भ्रमण/आवागमन की स्वतंत्रता को प्रतिबंधित किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

70. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उन्हें अंतरधार्मिक समझ के लिये अकादमिक आंदोलन के अग्रदूत के रूप में जाना जाता है।
2. उनके सबसे महत्त्वपूर्ण कार्यों में 'मजमा-उल-बहरीन' और 'सिर-ए-अकबर' शामिल हैं।
3. उन्होंने उपनिषदों का संस्कृत से फारसी में अनुवाद किया।

उपरोक्त कथन भारत के निम्नलिखित में से किस शासक का सबसे उपयुक्त वर्णन करते हैं?

A. अबुल फज़ली
B. टीपू सुल्तान
C. शेरशाह सूरी
D. दारा शिकोह

## व्याख्या भाग-2

1.

उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने संवाद कार्यक्रम का दूसरा चरण शुरू किया है।
  - इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन बच्चों के लिये मानसिक स्वास्थ्य तक पहुँच बनाना है जो बच्चे तस्करी के शिकार या अनाथ हैं।
  - संवाद (SAMVAD)- कमज़ोर परिस्थितियों में बच्चों के लिये समर्थन, सहायता और मानसिक स्वास्थ्य उपायों और संकट (SAMVAD) कार्यक्रम है।
- इस पहल का वित्तपोषण महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा किया गया है।
  - इसका नेतृत्व राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान (NIMHANS) द्वारा किया जाता है।
    - NIMHANS मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान शिक्षा का शीर्ष केंद्र है। यह स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत स्वायत्त रूप से संचालित है।
- NIMHANS ने कैदियों और जेल कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के प्रबंधन पर दिशा-निर्देशों का एक सेट जारी करता है।
  - किरण: सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने चिंता, तनाव, अवसाद, आत्महत्या का विचार और अन्य मानसिक स्वास्थ्य चिंताओं का सामना कर रहे लोगों को सहायता प्रदान करने के लिये 24/7 टोल-फ्री हेल्पलाइन शुरू की है।
  - मनोदर्पण पहल: यह आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत शिक्षा मंत्रालय की एक पहल है। इसका उद्देश्य कोविड-19 के दौरान छात्रों, परिवार के सदस्यों और शिक्षकों को उनके मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिये मनोसामाजिक सहायता प्रदान करना है। **अतः विकल्प D सही है।**

नोट :

2.

उत्तर: A

व्याख्या:

- IBSA, दक्षिण-दक्षिण सहयोग और विनिमय (South-South Cooperation and Exchange) को बढ़ावा देने हेतु भारत, ब्राज़ील और दक्षिण अफ्रीका के मध्य एक त्रिपक्षीय विकासात्मक पहल है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इस समूह को औपचारिक रूप और IBSA संवाद मंच/फोरम का नाम उस दौरान दिया गया जब तीनों देशों के विदेश मंत्रियों ने 6 जून, 2003 को ब्रासीलिया (ब्राज़ील) में मुलाकात की और ब्रासीलिया घोषणा जारी की गई।
- दक्षिण-दक्षिण सहयोग (SSC) का विचार कोई नया नहीं है।
  - बल्कि इस फोरम के उद्भव की पहल बांडुंग सम्मेलन 1955, गुटनिरपेक्ष आंदोलन 1961, जी77 समूह, अंकटाड, ब्यूनस आयर्स प्लान ऑफ एक्शन-1978 और वर्ष 2009 की नैरोबी घोषणा में देखी जा सकती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- IBSA का कोई मुख्यालय या स्थायी कार्यकारी सचिवालय नहीं है।
- वर्ष 2004 में इस कोष की स्थापना की गई। IBSA कोष (भारत, ब्राज़ील और दक्षिण अफ्रीका गरीबी एवं भूख उन्मूलन सुविधा) एक अनूठा कोष है जिसके माध्यम से सदस्य विकासशील देशों में इब्सा वित्तपोषण के साथ विकास परियोजनाओं को निष्पादित किया जाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
  - इस कोष का प्रबंधन संयुक्त राष्ट्र (UN) ऑफिस फॉर साउथ-साउथ कोऑपरेशन (UNOSSC) द्वारा किया जाता है। प्रत्येक IBSA सदस्य देश को इस कोष में प्रतिवर्ष 1 मिलियन डालर का योगदान करना आवश्यक है।

3.

उत्तर: B

व्याख्या:

- गुटनिरपेक्ष आंदोलन (NAM) का गठन शीत युद्ध के दौरान राज्यों के एक संगठन के रूप में किया गया था, जो औपचारिक रूप से खुद को संयुक्त राज्य अमेरिका (पूंजीवाद) या सोवियत संघ (समाजवाद) के साथ संरेखित नहीं करना चाहते थे और स्वतंत्र या तटस्थ रहने की मांग करते थे।
- बांडुंग सम्मेलन के परिणामस्वरूप गुटनिरपेक्ष आंदोलन (NAM) के संस्थापक सिद्धांतों को अपनाया गया।
  - NAM की मूल अवधारणा वर्ष 1955 में इंडोनेशिया में आयोजित एशिया-अफ्रीका बांडुंग सम्मेलन में हुई चर्चा के दौरान उत्पन्न हुई थी।
- बांडुंग सम्मेलन के छह वर्ष बाद गुटनिरपेक्ष देशों के आंदोलन को बेलग्रेड के पहले शिखर सम्मेलन में व्यापक भौगोलिक आधार पर स्थापित किया गया था, जो सितंबर 1961 में आयोजित किया गया था।
  - यह यूगोस्लाविया के जोसिप ब्रोज़ टीटो, मिस्र के जमाल अब्देल नासिर, भारत के जवाहरलाल नेहरू, घाना के क्वामे नकरुमाह और इंडोनेशिया के सुकर्णो के नेतृत्व में आयोजित किया गया था। **अत: विकल्प B सही है।**

4.

उत्तर: C

व्याख्या:

- 22 जुलाई, 1947 को हुई संविधान सभा की बैठक के दौरान भारतीय ध्वज को उसके वर्तमान स्वरूप में अपनाया गया था।
- भारतीय तिरंगे से संबंधित नियम
    - प्रतीक और नाम (अनुचित उपयोग रोकथाम) अधिनियम, 1950:
    - यह राष्ट्रीय ध्वज, सरकारी विभाग द्वारा उपयोग किये जाने वाले चिह्न, राष्ट्रपति या राज्यपाल की आधिकारिक मुहर, महात्मा गांधी और प्रधानमंत्री के चित्रमय निरूपण तथा अशोक चक्र के उपयोग को प्रतिबंधित करता है।

नोट :

- राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971:
  - यह राष्ट्रीय ध्वज, संविधान, राष्ट्रगान और भारतीय मानचित्र सहित देश के सभी राष्ट्रीय प्रतीकों के अपमान को प्रतिबंधित करता है।
  - यदि कोई व्यक्ति अधिनियम के तहत निम्नलिखित अपराधों में दोषी ठहराया जाता है, तो वह 6 वर्ष की अवधि के लिये संसद एवं राज्य विधानमंडल के चुनाव लड़ने हेतु अयोग्य हो जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करना।
- भारत के संविधान का अपमान करना।
- राष्ट्रगान के गायन को रोकना।
- भारतीय ध्वज संहिता, 2002:
  - इसने ध्वज के सम्मान और उसकी गरिमा को बनाए रखते हुए तिरंगे के अप्रतिबंधित प्रदर्शन की अनुमति दी।
  - ध्वज संहिता, ध्वज के सही प्रदर्शन को नियंत्रित करने वाले पूर्व मौजूदा नियमों को प्रतिस्थापित नहीं करता है।
- हालाँकि यह पिछले सभी कानूनों, परंपराओं और प्रथाओं को एक साथ लाने का एक प्रयास था।
  - भारतीय ध्वज संहिता, 2002 को तीन भागों में बाँटा गया है:
- पहले भाग में राष्ट्रीय ध्वज का सामान्य विवरण है।
- दूसरे भाग में जनता, निजी संगठनों, शैक्षिक संस्थानों आदि के सदस्यों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के प्रदर्शन के विषय में बताया गया है।
- संहिता का तीसरा भाग केंद्र और राज्य सरकारों तथा उनके संगठनों और अभिकरणों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के विषय में जानकारी देता है।
  - इसमें उल्लेख है कि तिरंगे का उपयोग व्यावसायिक उद्देश्यों के लिये नहीं किया जा सकता है।
  - इसके अलावा ध्वज का उपयोग उत्सव के रूप में या किसी भी प्रकार की सजावट के प्रयोजनों के लिये नहीं किया जाना चाहिये।
  - आधिकारिक प्रदर्शन के लिये केवल भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्धारित विनिर्देशों के अनुरूप और उनके चिह्न वाले झंडे का उपयोग किया जा सकता है।
- संविधान का भाग IV-A:
  - संविधान का भाग IV-A (जिसमें केवल एक अनुच्छेद 51-A शामिल है) ग्यारह मौलिक कर्तव्यों को निर्दिष्ट करता है।
  - अनुच्छेद 51 A (a) के अनुसार, भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों एवं संस्थानों, राष्ट्रीय ध्वज तथा राष्ट्रगान का सम्मान करे। अत: कथन 2 सही है

5.

उत्तर : A

व्याख्या :

| प्रमुख भारतीय समुद्री अभ्यास | |
|---|---|
| अभ्यास का नाम | देश का नाम |
| SLINEX | श्रीलंका |
| बोंगोसागर और IN-BN CORPAT | बांग्लादेश |
| जिमेक्स | जापान |
| नसीम-अल-बहर | ओमान |
| इंद्र | रूस |
| ज़ैर-अल-बहरी | कतर |
| समुद्र शक्ति | इंडोनेशिया |

नोट :

| | |
|---|---|
| भारत-थाई कॉर्पेट | थाईलैंड |
| IMCOR | मलेशिया |
| सिम्बेक्स | सिंगापुर |
| औसइंडेक्स | ऑस्ट्रेलिया |
| मालाबार अभ्यास | जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका |

- हाल ही में भारत और सऊदी अरब ने अल-मोहद अल-हिंदी अभ्यास (Al-Mohed Al-Hindi Exercise) नामक अपना पहला नौसेना संयुक्त अभ्यास शुरू किया। इस द्विपक्षीय अभ्यास पर फैसला वर्ष 2019 में आयोजित रियाद शिखर सम्मेलन में लिया गया। **अत: विकल्प A सही है।**

6.

उत्तर: C

व्याख्या :

- हाल ही में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने एक ऑनलाइन पोर्टल 'उत्पादकता एवं सेवाओं को बढ़ाने के लिये प्रशिक्षण' (Training for Augmenting Productivity and Services- TAPAS) लॉन्च किया है।
  - यह हितधारकों की क्षमता निर्माण के लिये सामाजिक रक्षा के क्षेत्र में विभिन्न पाठ्यक्रम प्रदान करता है। यह राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संस्थान (NISD) की एक पहल है।.
  - यह एक मानक मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स (MOOC) प्लेटफॉर्म है जिसमें फिल्माए गए व्याख्यान और ई-अध्ययन सामग्री जैसी पाठ्यक्रम सामग्री होती है।
- प्लेटफॉर्म को वीडियो, टेक्स्ट, सेल्फ असेसमेंट और डिस्कशन के चतुर्भुज दृष्टिकोण के साथ बनाया गया है।
  - पाँच बुनियादी कोर्स जैसे- नशीली दवाओं (पदार्थ) के दुरुपयोग की रोकथाम, जरा चिकित्सा/बुजुर्गों की देखभाल, मनोविकृति की देखभाल एवं प्रबंधन, ट्रांसजेंडर और सामाजिक सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर व्यापक पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं।
- अन्य डिजिटल लर्निंग पहल:
  - स्वयं (SWAYAM) : ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के लिये एक एकीकृत मंच और पोर्टल प्रदान करने हेतु शिक्षा मंत्रालय द्वारा 9 जुलाई, 2017 को स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स (SWAYAM) लॉन्च किया गया था।
  - स्वयं प्रभा (SWAYAM Prabha) : यह 24X7 आधार पर देश में सभी जगह डायरेक्ट टू होम (Direct to Home-DTH) के माध्यम से 32 उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षिक चैनल प्रदान करने की एक पहल है।
  - प्रौद्योगिकी के लिये राष्ट्रीय शैक्षिक गठबंधन (NEAT) : इस योजना का उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence) की सहायता से सीखने वाले की व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप एक अनुकूलित प्रणाली को विकसित करना है। **अत: विकल्प C सही है।**

7.

उत्तर: B

व्याख्या

- हाल ही में तालिबान ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल पर कब्ज़ा कर लिया, जिससे अमेरिका और 'नाटो' (उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन) द्वारा प्रशिक्षित अफगान बलों पर प्रश्न उठ रहे हैं।
  - तालिबान ने घोषणा की है कि किसी के साथ भी हिंसा नहीं की जाएगी और वह शांतिपूर्ण ट्रांज़िशन प्रक्रिया का सम्मान करेगा, साथ ही भविष्य में ऐसी इस्लामी व्यवस्था के लिये काम किया जाएगा, जो सभी को स्वीकार्य हो।

- तालिबान, अफगानिस्तान और अमेरिका के बीच शांति वार्ता:
  - 'मुरी' वार्ता
    - वर्ष 2015 में अमेरिका ने तालिबान और अफगान सरकार के बीच पहली बैठक में एक प्रतिनिधि भेजा था, जिसकी मेज़बानी पाकिस्तान द्वारा वर्ष 2015 में 'मुरी' में की गई थी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- हालाँकि 'मुरी' वार्ता से कुछ प्रगति हासिल नहीं की जा सकी थी।
  - दोहा वार्ता
    - वर्ष 2020 में दोहा वार्ता की शुरुआत से पूर्व तालिबान ने स्पष्ट किया कि वे केवल अमेरिका के साथ प्रत्यक्ष वार्ता करेंगे, न कि काबुल सरकार के साथ।
    - इसके पश्चात् हुए एक समझौते में अमेरिकी प्रशासन ने वादा किया कि वह 1 मई, 2021 तक अफगानिस्तान से सभी अमेरिकी सैनिकों को वापस बुला लेगा। **अत: कथन 2 सही है।**
- कुछ समय बाद इस समयसीमा को बढ़ाकर 11 सितंबर, 2021 कर दिया गया है।
- इस समझौते के कारण तालिबान को एक जीत का संकेत मिला और साथ ही अफगान सैनिकों का मनोबल भी काफी प्रभावित हुआ।
    - समझौते के तहत तालिबान ने हिंसा को कम करने, अंतर-अफगान शांति वार्ता में शामिल होने और विदेशी आतंकवादी समूहों के साथ सभी संबंधों को समाप्त करने का वादा किया

8.

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारत में हर दशक में जनगणना की जाती है तथा 2021 की जनगणना देश की 16वीं राष्ट्रीय जनगणना होगी।
  - गृह मंत्रालय द्वारा जनगणना कराई जाएगी। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- प्राचीनतम साहित्य 'ऋग्वेद' से पता चलता है कि 800-600 ईसा पूर्व के दौरान कुछ विधियों द्वारा जनगणना को बनाए रखा गया था।
- मुगल बादशाह अकबर के शासन काल में प्रशासनिक रिपोर्ट 'आईन-ए-अकबरी' में जनसंख्या, उद्योग, धन और कई अन्य विशेषताओं से संबंधित व्यापक आँकड़े शामिल थे। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत में पहली जनगणना गवर्नर-जनरल लॉर्ड मेयो के शासन काल में वर्ष 1872 में की गई थी। हालाँकि देश की पहली जनगणना प्रक्रिया को गैर-समकालिक (देश के विभिन्न भागों में अलग-अलग समय पर) रूप से पूर्ण किया गया। **अत: कथन 2 सही है।**
  - रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त के नव स्थापित कार्यालय ने वर्ष 1881 में भारत में पहली बार जनगणना पूरी की।

9.

उत्तर: C

व्याख्या:

- मूल रूप से भारत के संविधान में भाषायी अल्पसंख्यकों के लिये विशेष अधिकारों के संबंध में कोई प्रावधान नहीं किया गया था। इसे 7वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1956 द्वारा संविधान में अनुच्छेद 350B के रूप में जोड़ा गया।
  - यह भारत के राष्ट्रपति द्वारा भाषायी अल्पसंख्यकों के लिये एक विशेष अधिकारी की नियुक्ति का प्रावधान करता है।
- विशेष अधिकारी का यह कर्तव्य होगा कि वह संविधान के तहत भाषाई अल्पसंख्यकों को प्रदत्त सुरक्षा उपायों से संबंधित सभी मामलों की जाँच करे। **अत: कथन 1 और 2 दोनों सही हैं।**

10.

उत्तर: B

व्याख्या:

- स्लेंडर लोरिस भारत और श्रीलंका की स्थानिक/मूल लोरिस की एक प्रजाति है। **अत: कथन 1 सही है।**
- स्लेंडर लोरिस अपना अधिकांश जीवन वृक्षों पर व्यतीत करते हैं। ये धीमी और सटीक गति के साथ शाखाओं के शीर्ष पर घूमते रहते हैं।

नोट :

- ये प्राय: कीड़े, सरीसृप, पौधों और फलों का भोजन करते हैं।
- वे उष्णकटिबंधीय वर्षावनों, झाड़ीदार जंगलों, अर्द्ध-पर्णपाती वनों और दलदली भूमि पर पाए जाते हैं।
- स्लेंडर लोरिस की दो प्रजातियाँ हैं, जो 'लोरिस' जीनस (वर्ग) के सदस्य हैं:
  - रेड स्लेंडर लोरिस (लोरिस टार्डिग्रैडस)
  - ग्रे स्लेंडर लोरिस (लोरिस लिडेकेरियानस)
- ऐसा माना जाता है कि इनमें औषधीय गुण होते हैं और इन्हें पकड़कर बेचा जाता है। चूँकि इन जानवरों को पालतू जानवर के रूप में रखने की बहुत मांग है, इसलिये इनकी अवैध रूप से तस्करी की जाती है। अत: कथन 2 सही है।
- पर्यावास का नुकसान, बिजली के तारों का करंट लगना और सड़क दुर्घटना अन्य खतरे हैं जिनके कारण इनकी आबादी कम हो गई है।
- संरक्षण स्थिति:
  - IUCN: संकटग्रस्त
  - वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972: अनुसूची- I
  - CITES: परिशिष्ट- II

11.

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारत सरकार ने घरेलू रक्षा और एयरोस्पेस निर्माण को बढ़ावा देने के लिये रक्षा परीक्षण अवसंरचना योजना (DTIS) शुरू की है।
  - इसमें 6-8 ग्रीनफील्ड रक्षा परीक्षण अवसंरचना सुविधाओं की स्थापना की परिकल्पना की गई है जो रक्षा और एयरोस्पेस से संबंधित उत्पादन के लिये आवश्यक हैं।
    - इसमें निजी उद्योग के साथ साझेदारी में परीक्षण सुविधाएँ स्थापित करने की भी परिकल्पना की गई है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
    - इस योजना के तहत परियोजनाओं को 'अनुदान-सहायता' के रूप में 75 प्रतिशत तक सरकारी वित्तपोषण प्रदान किया जाएगा।
- परियोजना लागत का शेष 25 प्रतिशत स्पेशल प्रोपज़ल व्हीकल (SPVs) घटकों द्वारा वहन किया जाएगा, जिनमें भारतीय निजी संस्थाएँ और राज्य सरकारें शामिल होंगी।
- मेक इन इंडिया के तहत भारत ने देश में रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्रों में आयात पर निर्भरता को कम करने हेतु विनिर्माण आधार के विकास को उच्च प्राथमिकता दी है।
  - इसके लिये उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में रक्षा औद्योगिक गलियारे (DIC) स्थापित करने की घोषणा की गई है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - नवाचार तथा प्रौद्योगिकी विकास को बढ़ावा देने और भारतीय उद्योग को एयरोस्पेस तथा रक्षा क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिये संशोधित मेक- II प्रक्रियाएँ, रक्षा उत्कृष्टता के लिये नवाचार (iDEX) और रक्षा निवेशक सेल की स्थापना जैसी कई पहलें की गई हैं।

12.

उत्तर: C

व्याख्या:

- खासी उत्तर-पूर्वी भारत में मेघालय का एक स्वदेशी जातीय समूह है। इसकी एक विशिष्ट संस्कृति है और यह मेघालय की सबसे बड़ी जनजाति है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - गारो, जो खुद को आचिक (A•chiks) कहते हैं, मेघालय की दूसरी सबसे बड़ी जनजाति है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- संपत्ति का उत्तराधिकार और आदिवासी कार्यालय का उत्तराधिकार दोनों ही महिलाओं के माध्यम से चलते हैं। खासी आदिवासी परिवार की सबसे छोटी बेटी परिवार में काफी महत्त्व रखती है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

- वे कई कुलों में विभाजित हैं। गीला चावल (धान) उनके निर्वाह हेतु मुख्य भोजन है जिसकी खेती घाटी के तल में और पहाड़ियों पर बने छत के बगीचों में की जाती है।

13.

उत्तर: D

व्याख्या

- महाराजा रणजीत सिंह ने 'मिस्लों' को समाप्त कर सिख साम्राज्य की स्थापना की थी।
    - उस समय पंजाब पर शक्तिशाली सरदारों का शासन था, जिन्होंने इस क्षेत्र को 'मिस्लों' में विभाजित किया था।
    - मिस्ल, सिख संघ के संप्रभु राज्यों को संदर्भित करता है जो 18वीं शताब्दी के दौरान भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तरी भाग में पंजाब क्षेत्र में मुगल साम्राज्य के पतन के बाद उभरे थे।
    - उन्होंने 19वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में उत्तर-पश्चिमी भारतीय उपमहाद्वीप पर शासन किया।
- उन्होंने उस समय की एशिया की सबसे शक्तिशाली स्वदेशी सेना को और मज़बूत करने के लिये युद्ध में 'पश्चिमी आधुनिक हथियारों' के साथ पारंपरिक खालसा सेना को एकीकृत किया।
    - उन्होंने अपने सैनिकों को प्रशिक्षित करने के लिये बड़ी संख्या में यूरोपीय अधिकारियों, विशेष रूप से फ्राँसीसी अधिकारियों को भी नियुक्त किया।
    - उन्होंने अपनी सेना के आधुनिकीकरण के लिये एक फ्राँसीसी जनरल को नियुक्त किया था। **अतः विकल्प D सही है।**

14.

उत्तर: C

व्याख्या:

- सुंदरबन पारिस्थितिकी क्षेत्र गंगा-ब्रह्मपुत्र-मेघना (GBM) बेसिन के ज्वारीय सक्रिय निचले डेल्टा मैदान में स्थित है।
- यह सबसे बड़े मैंग्रोव वन और विश्व में एकमात्र मैंग्रोव बाघ निवास स्थान की मेज़बानी करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - मैंग्रोव वन कई पारिस्थितिकी कार्य करते हैं जैसे कि बहुमूल्य लकड़ी हेतु पेड़ों का उत्पादन, आवास की व्यवस्था, फिनफिश एवं शेलफिश के लिये भोजन और प्रजनन स्थल (Spawning Ground), पक्षियों व अन्य महत्त्वपूर्ण जीवों हेतु आवास का प्रावधान, नई भूमि के निर्माण के लिये सुरक्षित तटरेखाओं तथा तलछट की अभिवृद्धि।
- बांग्लादेश और भारत के कुछ हिस्सों में फैले, वनाच्छादित क्षेत्रों के भीतर संरक्षित क्षेत्रों (PA) को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा दोनों देशों में विश्व धरोहर स्थलों के रूप में नामित किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- दोनों देशों में 10,000 वर्ग किलोमीटर में फैले प्राकृतिक क्षेत्र भी रामसर साइट या अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की आर्द्रभूमि हैं।
- दोनों देशों में वन क्षेत्र को साफ कर अब वहाँ सामूहिक रूप से 7.5 मिलियन से अधिक लोगों के आवास हैं।
- यह क्षेत्र जीवों की विस्तृत श्रृंखला के लिये जाना जाता है, जिसमें 260 पक्षी प्रजातियाँ शामिल हैं और यह कई दुर्लभ एवं विश्व स्तर पर खतरे में पड़ी वन्यजीव प्रजातियों जैसे- एस्टुअरीन क्रोकोडाइल, रॉयल बंगाल टाइगर, वाटर मॉनिटर छिपकली, गंगा डॉल्फिन और ओलिव रिडले कछुओं का निवास स्थान है।

15.

उत्तर: A

व्याख्या:

- वर्ष 1937 में महानदी में विनाशकारी बाढ़ की पुनरावृत्ति के बाद इंजीनियर एम. विश्वेश्वरैया द्वारा परिकल्पित यह एक बहुउद्देशीय योजना है।
    - इसका पहला पनबिजली संयंत्र वर्ष 1956 में चालू किया गया था।
    - यह भारत का सबसे लंबा बाँध है।

- यह बाँध ओडिशा के संबलपुर शहर के ऊपर की ओर लगभग 15 किमी. की दूरी पर महानदी नदी में बनाया गया है।
- देबरीगढ़ वन्यजीव अभयारण्य, हीराकुंड बाँध के पास स्थित है। यह पूर्व और उत्तर में विशाल हीराकुंड जलाशय से घिरा है।
  - यह स्थलीय और जलीय जैव विविधता दोनों का समर्थन करने वाले राज्य के कुछ चुनिंदा अभयारण्यों में से एक है। **अतः विकल्प (A) सही है।**

16.

उत्तर: C

व्याख्या:

- कॉलेजियम प्रणाली न्यायाधीशों की नियुक्ति और स्थानांतरण की प्रणाली है, जो संसद के किसी अधिनियम या संविधान के प्रावधान द्वारा स्थापित न होकर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों के माध्यम से विकसित हुई है।
- उच्च न्यायपालिका के न्यायाधीशों की नियुक्ति कॉलेजियम प्रणाली के माध्यम से ही की जाती है और इस प्रक्रिया में सरकार की भूमिका कॉलेजियम द्वारा नाम तय किये जाने के बाद की प्रक्रिया में ही होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यदि किसी वकील को उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया जाना है तो सरकार की भूमिका आसूचना ब्यूरो या इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB) द्वारा उसकी जाँच कराए जाने तक ही सीमित होती है।
- सरकार कॉलेजियम की सिफारिशों पर आपत्तियाँ उठा सकती है और कॉलेजियम की पसंद के बारे में स्पष्टीकरण मांग सकती है, परंतु यदि कॉलेजियम द्वारा उन्हीं नामों की अनुशंसा दोबारा की जाती है तो सरकार संवैधानिक पीठ के निर्णयों के तहत उन्हें न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने के लिये बाध्य होगी। **अतः कथन 2 सही है।**

17.

उत्तर : D

व्याख्या :

- भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी शब्द का उपयोग पृथ्वी और मानव समाजों के भौगोलिक मानचित्रण एवं विश्लेषण में योगदान देने वाले आधुनिक उपकरणों की श्रेणी का वर्णन करने हेतु किया जाता है।
- केंद्र सरकार ने भू-स्थानिक डेटा की जानकारी को साझा करने के लिये वेब पोर्टल भी लॉन्च किये हैं।
  - सारथी (Sarthi) : भारतीय सर्वेक्षण विभाग ने सारथी नामक एक वेब भौगोलिक सूचना प्रणाली (GIS) विकसित की है। यह उपयोगकर्त्ताओं को अंतिम रूप से अत्यधिक संसाधन के बिना भू-स्थानिक डेटा का विज़ुअलाइज़ेशन, परिवर्तन और विश्लेषण के लिये एप्लीकेशन बनाने में मदद करेगी।
  - मानचित्रण (Manchitran) : नेशनल एटलस एंड थीमैटिक मैपिंग ऑर्गनाइज़ेशन (NATMO) ने इस पोर्टल पर भारत के सांस्कृतिक मानचित्र, जलवायु मानचित्र या आर्थिक मानचित्र जैसे विषयगत मानचित्र जारी किये हैं।
  - भुवन (Bhuvan), इसरो द्वारा विकसित एवं संचालित एक प्रकार का राष्ट्रीय वेब पोर्टल है, जिसका उपयोग इंटरनेट के माध्यम से भौगोलिक जानकारी (भू-स्थानिक जानकारी) और अन्य संबंधित भौगोलिक सेवाओं (प्रदर्शन, संपादन, विश्लेषण आदि) को खोजने और उनका उपयोग करने के लिये किया जाता है। **अतः विकल्प D सही है।**

18.

उत्तर: B

व्याख्या:

- केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) एक सांविधिक संगठन है जिसका गठन जल (प्रदूषण रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के तहत सितंबर 1974 में किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - इसे वायु (प्रदूषण रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत भी शक्तियाँ और कार्य सौंपे गए थे।
  - यह एक क्षेत्र गठन के रूप में कार्य करता है और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के तहत पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को तकनीकी सेवाएँ भी प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**नोट :**

- CPCB के प्रमुख कार्य:
  - जल प्रदूषण की रोकथाम, नियंत्रण और उपशमन द्वारा राज्यों के विभिन्न क्षेत्रों में नालों तथा कुओं की सफाई को बढ़ावा देना।
  - वायु की गुणवत्ता में सुधार करना और देश में वायु प्रदूषण को रोकना, नियंत्रित करना या कम करना।

19.

उत्तर: C

व्याख्या:

- अधिकरण मूल संविधान का हिस्सा नहीं थे, इन्हें 42वें संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा भारतीय संविधान में शामिल किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- प्रशासनिक न्यायाधिकरण संसद के एक अधिनियम, प्रशासनिक न्यायाधिकरण अधिनियम, 1985 द्वारा स्थापित किये गए थे। इसकी उत्पत्ति संविधान के अनुच्छेद 323A के कारण हुई है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - यह संघ और राज्यों के मामलों के संबंध में लोक सेवा और पदों पर नियुक्त व्यक्तियों की भर्ती एवं सेवा शर्तों के संबंध में विवादों तथा शिकायतों का न्यायनिर्णयन करता है।
- अनुच्छेद 323-B अन्य मामलों के लिये अधिकरण से संबंधित है।

20.

उत्तर: A

व्याख्या

- हाल ही में भारत ने संयुक्त राष्ट्र (UN) के सहयोग से दुनिया भर में काम कर रहे 'शांति सैनिकों' की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये एक प्रौद्योगिकी मंच शुरू किया है।
  - 'यूनाइट अवेयर' (UNITE AWARE) प्लेटफॉर्म का शुभारंभ तब हुआ, जब भारत ने अगस्त माह के लिये 15 देशों वाले 'संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद' की अध्यक्षता ग्रहण की है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस परियोजना का उद्देश्य विषम खतरों का पता लगाने हेतु आधुनिक निगरानी प्रौद्योगिकी के प्रभाव को प्रदर्शित करना है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

21.

उत्तर: d

व्याख्या:

- वर्ष 1989 का मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल एक जलवायु समझौता नहीं है। इसका उद्देश्य क्लोरोफ्लोरो कार्बन (CFCs) जैसे ओज़ोन क्षयकारी पदार्थों से पृथ्वी की रक्षा करना है, जिनका उपयोग पहले एयर कंडीशनिंग और रेफ्रिजरेंट उद्योग में किया जाता था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल ने CFCs के उपयोग के स्थान पर हाइड्रोफ्लोरोकार्बन के उपयोग पर बल दिया जो ओज़ोन परत को नष्ट नहीं करते हैं।
    - लेकिन बाद में उसे ग्लोबल वार्मिंग उत्पन्न करने में बेहद शक्तिशाली पाया गया। इस प्रकार आवास वित्त कंपनियों ने एक समस्या का तो समाधान किया, लेकिन वह दूसरी में प्रमुख रूप से योगदान दे रही थी।
  - किगाली संशोधन ने मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल को HFCs को अनिवार्य करने में सक्षम बनाया। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

22.

उत्तर: D

व्याख्या:

- मप्पिला नाम मलयाली भाषी मुसलमानों को दिया गया है जो उत्तरी केरल के मालाबार तट पर निवास करते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**

- वर्ष 1921 तक मोपला ने मालाबार में सबसे बड़े और सबसे तेज़ी से बढ़ते समुदाय का गठन किया। मालाबार की एक मिलियन की कुल आबादी में मोपला 32% के साथ दक्षिण मालाबार क्षेत्र में केंद्रित थे।
- मुस्लिम धर्मगुरुओं के उग्र भाषणों और ब्रिटिश विरोधी भावनाओं से प्रेरित होकर मप्पिलास ने एक हिंसक विद्रोह शुरू किया। साथ ही कई हिंसक घटनाओं की सूचना दी गई तथा ब्रिटिश एवं हिंदू ज़मींदारों दोनों के खिलाफ उत्पीड़न की शिकायत की गई थी।
- विद्रोह के कारण
    - असहयोग और खिलाफत आंदोलन: विद्रोह का ट्रिगर का कारण 1920 में कॉन्ग्रेस द्वारा खिलाफत आंदोलन के साथ शुरू किये गए असहयोग आंदोलन था।
    - इन आंदोलनों से प्रेरित ब्रिटिश विरोधी भावना ने मुस्लिम मप्पिलास को प्रभावित किया। **अतः कथन 2 सही है।**
    - नए काश्तकार कानून: 1799 में चौथे एंग्लो-मैसूर युद्ध में टीपू सुल्तान की मृत्यु के बाद मालाबार मद्रास प्रेसीडेंसी के हिस्से के रूप में ब्रिटिश अधिकार में आ गया था।
        - अंग्रेज़ों ने नए काश्तकारी कानून पेश किये थे, जो ज़मींदारों के नाम से पहचाने जाने वाले ज़मींदारों के पक्ष में थे और किसानों के लिये पहले की तुलना में कहीं अधिक शोषणकारी व्यवस्था थी।
        - नए कानूनों ने किसानों को भूमि के सभी गारंटीकृत अधिकारों से वंचित कर उन्हें भूमिहीन बना दिया। **अतः कथन 2 सही है।**
        - नवंबर 1921 में 67 मोपला कैदी मारे गए थे, जब उन्हें तिरूर से पोदनूर की केंद्रीय जेल में एक बंद माल डिब्बे में ले जाया जा रहा था जिसमें दम घुटने से इनकी मौत हो गई। इस घटना को वैगन ट्रैज़डी कहा जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

23.

उत्तर: C

व्याख्या:

परमाणु/नाभिकीय संलयन:

- परमाणु संलयन को कई छोटे नाभिकों के एक बड़े नाभिक में संयोजन के रूप में परिभाषित किया जाता है, जिसके बाद बड़ी मात्रा में ऊर्जा निकलती है।
    - यह विखंडन की विपरीत प्रतिक्रिया है, जहाँ भारी आइसोटोप अलग हो जाते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- संलयन वह प्रक्रिया है जो सूर्य को शक्ति प्रदान करती है और एक असीम, स्वच्छ ऊर्जा स्रोत प्रदान कर सकती है।
    - सूरज में अत्यधिक गुरुत्वाकर्षण द्वारा उत्पन्न अत्यधिक दबाव संलयन की स्थिति पैदा करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- संलयन अभिक्रियाएँ प्लाज़्मा नामक पदार्थ की अवस्था में होती हैं। प्लाज़्मा एक गर्म, आवेशित गैस है जो सकारात्मक आयनों और मुक्त गति वाले इलेक्ट्रॉनों से बनी होती है जिसमें ठोस, तरल एवं गैसों से अलग अद्वितीय गुण होते हैं।
    - उच्च तापमान पर इलेक्ट्रॉन परमाणु के नाभिक से अलग हो जाते हैं और प्लाज़्मा या पदार्थ की आयनित अवस्था बन जाते हैं। प्लाज़्मा को पदार्थ की चौथी अवस्था के रूप में भी जाना जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

24.

उत्तर : D

व्याख्या :

- मौद्रिक नीति केंद्रीय बैंक द्वारा निर्धारित व्यापक आर्थिक नीति है। इसमें मुद्रा आपूर्ति और ब्याज दर का प्रबंधन शामिल है, यह मुद्रास्फीति, खपत, वृद्धि और तरलता जैसे व्यापक आर्थिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिये इस्तेमाल की जाने वाली मांग पक्ष आधारित आर्थिक नीति है।
- भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) विभिन्न तरीकों से अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति को नियंत्रित करता है। मुद्रा आपूर्ति को नियंत्रित करने के लिये केंद्रीय बैंक द्वारा उपयोग किये जाने वाले उपाय मात्रात्मक या गुणात्मक उपकरण हो सकते हैं।
- मात्रात्मक उपकरण नकद आरक्षित अनुपात (CRR), या बैंक दर या खुला बाज़ार परिचालन (OMO) को परिवर्तित कर मुद्रा आपूर्ति की सीमा को नियंत्रित करते हैं।

नोट :

- गुणात्मक साधनों में वाणिज्यिक बैंकों को हतोत्साहित करने या उधार देने को प्रोत्साहित करने के लिये केंद्रीय बैंक द्वारा अनुनय शामिल है जो नैतिक दबाव, मार्जिन आवश्यकता आदि के माध्यम से किया जाता है। **अत: विकल्प D सही है।**

25.

उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में शोधकर्त्ताओं की एक टीम ने अरुणाचल प्रदेश में कैस्केड मेंढक (Cascade Frog) की एक नई प्रजाति की खोज की है। इस मेंढक का नाम आदि कैस्केड (Adi Cascade) है।
- अरुणाचल प्रदेश की आदि पहाड़ियों में रहने वाली स्वदेशी आदि जनजाति के नाम पर इसका नाम आदि कैस्केड मेंढक (अमोलोप्स एडिकोला) रखा गया है। आदि का शाब्दिक अर्थ "पहाड़ी" या "पहाड़ की चोटी" है। **अत: कथन 1 सही है।**
- कास्केड मेंढकों का नाम इसलिये रखा गया है क्योंकि वे पहाड़ी धाराओं में बहने वाले छोटे झरनों या झरनों में रहना पसंद करते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

26.

उत्तर: D

व्याख्या:

- विश्व मौसम विज्ञान संगठन 192 सदस्य राज्यों और क्षेत्रों की सदस्यता वाला एक अंतर सरकारी संगठन है। भारत इसका सदस्य है।
    - इसकी उत्पत्ति अंतर्राष्ट्रीय मौसम विज्ञान संगठन (IMO) से हुई है, जिसे वर्ष 1873 के वियना अंतर्राष्ट्रीय मौसम विज्ञान कॉन्ग्रेस के बाद स्थापित किया गया था।
- WMO कन्वेंशन के अनुसमर्थन से 23 मार्च, 1950 को स्थापित यह संगठन मौसम विज्ञान (मौसम और जलवायु), जल विज्ञान तथा संबंधित भूभौतिकीय विज्ञान के लिये संयुक्त राष्ट्र (United Nation) की विशेष एजेंसी बन गया। **अत: कथन 1 सही है जबकि कथन 2 सही नहीं है।**
- मुख्यालय:
    - जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड।
- WMO द्वारा जारी रिपोर्ट:
    - स्टेट ऑफ द ग्लोबल क्लाइमेट
    - ग्रीनहाउस गैस बुलेटिन अत: कथन 3 सही है।

27.

उत्तर: A

व्याख्या

- भाग XVI केंद्र और राज्य विधानसभाओं में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के आरक्षण से संबंधित है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - संविधान का अनुच्छेद 15 (4) और 16 (4) राज्य और केंद्र सरकार को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के लिये सरकारी सेवाओं में सीटें आरक्षित करने में सक्षम बनाता है।
        - संविधान (77वाँ संशोधन) अधिनियम, 1995 द्वारा संविधान में संशोधन किया गया और सरकार को पदोन्नति में आरक्षण प्रदान करने में सक्षम बनाने के लिये अनुच्छेद 16 में एक नया खंड (4A) जोड़ा गया।
        - बाद में आरक्षण देकर पदोन्नत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को परिणामी वरिष्ठता प्रदान करने के लिये संविधान (85वाँ संशोधन) अधिनियम, 2001 द्वारा खंड (4A) को संशोधित किया गया था।
- अनुच्छेद 330 और 332 क्रमश: संसद व राज्य विधानसभाओं में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिये सीटों के आरक्षण के माध्यम से विशिष्ट प्रतिनिधित्व प्रदान करते हैं।

- अनुच्छेद 243D प्रत्येक पंचायत में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिये सीटों को आरक्षित करता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - अनुच्छेद 233T प्रत्येक नगर पालिका में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिये सीटों का आरक्षण प्रदान करता है।
- संविधान का अनुच्छेद 335 कहता है कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के दावों को प्रशासन की प्रभावकारिता के रखरखाव के साथ लगातार ध्यान में रखा जाएगा।
- 103वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2019 ने केंद्र और राज्यों दोनों को सरकारी नौकरियों और शिक्षा संस्थानों में समाज के EWS (आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग) वर्ग को 10% आरक्षण प्रदान करने का अधिकार दिया।

28.

उत्तर: C

व्याख्या:

- यह दक्षिण भारत की एक पवित्र नदी है जो कर्नाटक राज्य से होकर आंध्र प्रदेश में बहती है। नदी का प्राचीन नाम पम्पा था। यह नदी लगभग 710 किमी. लंबी है।
  - पूर्वी कृष्णा नदी में मिलने से पहले यह कमोबेश उत्तर-पश्चिम दिशा में बहती है। कृष्णा नदी अंत में बंगाल की खाड़ी में मिलती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- तुंगभद्रा बाँध जिसे पम्पा सागर के नाम से भी जाना जाता है, कर्नाटक के बल्लारी ज़िले के होसापेटे में तुंगभद्रा नदी पर बना एक बहुउद्देशीय बाँध है। इसका निर्माण वर्ष 1953 में डॉ. थिरुमलाई अयंगर द्वारा किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसकी प्रमुख सहायक नदियाँ भद्रा, हरिद्रा, वेदवती, तुंगा, वरदा और कुमदावती हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

29.

उत्तर: A

व्याख्या:

- 'धरोहर गोद लें' परियोजना को 27 सितंबर, 2017 (विश्व पर्यटन दिवस) पर शुरू किया गया था, यह पर्यटन मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय और भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण (ASI), राज्य/केंद्रशासित प्रदेश सरकारों का एक समन्वित प्रयास है। **अत: कथन 1 सही है।**
- स्थलों/स्मारकों का चयन पर्यटकों की संख्या और दृश्यता के आधार पर किया जाता है तथा इसे पाँच साल की प्रारंभिक अवधि के लिये निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों और व्यक्तियों द्वारा अपनाया जा सकता है जिन्हें स्मारक मित्र के रूप में जाना जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- स्मारक मित्रों का चयन 'निगरानी और दृष्टि समिति' (Oversight and Vision Committee) द्वारा किया जाता है, जिसकी सह-अध्यक्षता पर्यटन सचिव और संस्कृति सचिव द्वारा विरासत स्थल पर सभी सुविधाओं के विकास हेतु बोली लगाने वाले के विज़न के आधार पर की जाती है।
- कॉर्पोरेट क्षेत्र से साइट के रखरखाव के लिये कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (CSR) फंड का उपयोग करने की उम्मीद की जाती है।

30.

उत्तर: B

व्याख्या:

- प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा और उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) में विकेंद्रीकृत अक्षय ऊर्जा संयंत्रों, सौर कृषि जल पंपों तथा मौजूदा ग्रिड से जुड़े कृषि पंपों के सौरकरण का प्रावधान है। **अत: कथन 1 सही है।**
- चूँकि किसान सब्सिडी वाली बिजली पर कम निर्भर होंगे, पीएम-कुसुम योजना कृषि क्षेत्र पर सब्सिडी के बोझ को कम करके बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के वित्तीय सशक्तीकरण का समर्थन करेगी। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह योजना वर्ष 2019 में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) द्वारा शुरू की गई थी। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

31.

उत्तर: D

व्याख्या:

- शंकराचार्य को आदि शंकर के नाम से भी जाना जाता था। उनका जन्म केरल के कलादी में 788 ई. में हुआ था।
    - उन्होंने अद्वैतवाद (Monism) के सिद्धांत को प्रतिपादित किया और संस्कृत में वैदिक सिद्धांत (उपनिषद, ब्रह्म सूत्र और भगवद गीता) पर कई टिप्पणियाँ लिखीं। **अत: कथन 1 सही है।**
- प्रमुख कृतियाँ/रचनाएँ:
    - ब्रह्मसूत्रभाष्य (ब्रह्म सूत्र पर भाष्य या भाष्य)।
    - भजगोविंदम स्तोत्र। **अत: कथन 2 सही है।**
    - निर्वाण षट्कम।
- इन्होने भारत में उस समय हिंदू धर्म को पुनर्जीवित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई जब बौद्ध धर्म लोकप्रियता प्राप्त कर रहा था। अत: कथन 3 सही है।
    - इन्होंने भारत के चारों कोनों में चार मठों की स्थापना की और यह परंपरा आज भी जारी है।

32.

उत्तर: A

व्याख्या

पूर्वोत्तर में भू-विरासत स्थल:

- माजुली (असम): यह ब्रह्मपुत्र नदी में स्थित विश्व के बड़े द्वीपों में से एक नदी "द्वीप" है।
    - यह द्वीप असम में अध्यात्म का केंद्र भी है।
- संगेस्त्तर त्सो (अरुणाचल प्रदेश): इसे माधुरी झील के नाम से जाना जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
    - यह तिब्बत की सीमा के नज़दीक है और वर्ष 1950 में एक बड़े भूकंप के कारण इसका गठन हुआ।
- लोकटक झील (मणिपुर): यह पूर्वोत्तर की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - इस झील के मुख्य आकर्षण 'फुमडीस' या तैरते हुए बायोमास और 'फुमसंग' या उन पर मछुआरों की झोपड़ियाँ हैं।
    - केइबुल लामजाओ राष्ट्रीय उद्यान, पृथ्वी पर एकमात्र तैरता हुआ वन्यजीव निवास स्थान है, जो झील के दक्षिण-पश्चिमी भाग पर स्थित है और संगाई या भौंह-मृग, नृत्य करने वाले हिरण का अंतिम प्राकृतिक आवास है।

33.

उत्तर: C

व्याख्या:

- ग्रीष्म लहर हवा के तापमान की एक स्थिति है जो मानव शरीर के लिये नुकसानदायक होती है। भारत में ग्रीष्म लहर सामान्यत: मार्च-जून के बीच चलती है परंतु कभी-कभी जुलाई तक भी चला करती है।।
- ग्रीष्म लहर असामान्य रूप से उच्च तापमान की वह स्थिति है, जिसमें तापमान सामान्य से अधिक रहता है और यह मुख्यत: देश के उत्तर-पश्चिमी भागों को प्रभावित करती है।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मैदानी क्षेत्रों में 40 डिग्री सेल्सियस और पहाड़ी क्षेत्रों में 30 डिग्री सेल्सियस तापमान को ग्रीष्म लहर के मानक के रूप में निर्धारित किया है। जहाँ सामान्य तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से कम रहता है वहाँ 5 से 6 डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ने पर सामान्य तथा 7 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान बढ़ने पर गंभीर ग्रीष्म लहर की घटनाएँ होती हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत में ग्रीष्म लहर सामान्यत: मार्च-जून के बीच चलती है परंतु कभी-कभी जुलाई तक भी चला करती है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

34.

उत्तर: D

व्याख्या:

- द्रविड़ भाषाएँ लगभग 70 भाषाओं का एक परिवार है जो मुख्य रूप से दक्षिण एशिया में बोली जाती हैं। ये भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका में 215 मिलियन से अधिक लोगों द्वारा बोली जाती हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- सबसे अधिक बोली जाने वाली द्रविड़ भाषाएँ (बोलने वालों की संख्या के अवरोही क्रम में) तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम हैं, जिनमें से सभी की लंबी साहित्यिक परंपराएँ हैं।
    - छोटी साहित्यिक भाषाएँ तुलु और कोडवा हैं।
- कई द्रविड़-भाषी अनुसूचित जनजातियाँ भी हैं जैसे-पूर्वी भारत में कुरुख और मध्य भारत में गोंडी। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
    - कुरुख, जिसे उरांव भी कहा जाता है, एक द्रविड़ जातीय समूह है जो भारतीय राज्यों झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में निवास करता है।
- अरब सागर के तटों के साथ द्रविड़ में स्थानों के नाम और द्रविड़ व्याकरणिक प्रभाव जैसे कि इंडो-आर्यन भाषाओं की विशिष्टता, अर्थात् मराठी, गुजराती, मारवाड़ी और सिंधी से पता चलता है कि द्रविड़ भाषाएँ भारतीय उपमहाद्वीप में अधिक व्यापक रूप से बोली जाती थीं।

35.

उत्तर: C

व्याख्या:

- JSS की योजना को पूर्व में श्रमिक विद्यापीठ के नाम से जाना जाता था, यह भारत सरकार की एक अनूठी योजना थी और इसे वर्ष 1967 से देश में गैर-सरकारी संगठनों (NGO) के माध्यम से लागू किया गया था।
    - वर्ष 2000 में इस योजना का नाम बदलकर जन शिक्षण संस्थान (JSS) कर दिया गया।
- इसे जुलाई 2018 में शिक्षा मंत्रालय (तत्कालीन मानव संसाधन विकास मंत्रालय) से कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय में स्थानांतरित कर दिया गया था।
- JSS न्यूनतम लागत और बुनियादी ढाँचे के साथ लाभार्थियों को उनके दरवाज़े पर व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान कर लाभान्वित कर रहे हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- JSS इस अर्थ में अद्वितीय हैं कि वे न केवल व्यावसायिक कौशल प्रदान करते हैं बल्कि इसमी जीवन कौशल को भी शामिल करते हैं जो लाभार्थी को दैनिक जीवन में मदद कर सकता है।
- प्राथमिकता समूह में महिलाएँ, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक और समाज के अन्य पिछड़े वर्ग शामिल हैं।
- इसे भारत सरकार के 100% अनुदान के साथ गैर-सरकारी संगठनों के माध्यम से कार्यान्वित किया जाता है। JSS सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- जन शिक्षण संस्थान के मामलों का प्रबंधन भारत सरकार द्वारा अनुमोदित संबंधित प्रबंधन बोर्ड द्वारा किया जाता है।
- JSS का कार्य-क्षेत्र: व्यावसायिक तत्त्वों, सामान्य जागरूकता और जीवन संवर्द्धन घटकों को शामिल करते हुए उपयुक्त पाठ्यक्रम एवं प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित करना।

36.

उत्तर: C

व्याख्या:

- संस्कृत को इसे विश्व की सबसे पुरानी भाषाओं में से एक माना जाता है।
    - यह एक प्राचीन इंडो-आर्यन भाषा है जिसमें सबसे प्राचीन दस्तावेज़, वेद, वैदिक संस्कृत में हैं।
- शास्त्रीय संस्कृत, उपमहाद्वीप के उत्तर-पश्चिम में इस्तेमाल होने वाली वैदिक के करीब की भाषा ग्रंथ पाणिनी (6वीं-5वीं शताब्दी ईसा पूर्व) द्वारा रचित अष्टाध्यायी (आठ अध्याय), अब तक के सबसे बेहतरीन व्याकरण ग्रंथों में से एक है। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**

नोट :

- संस्कृत में महत्त्वपूर्ण लेखक और कार्य:
    - भास (उदाहरण के लिये उनके स्वप्नवासवदत्त - वासवदत्त इन ए ड्रीम), जिनके लिये व्यापक रूप से अलग-अलग तिथियाँ निर्धारित की गई हैं, लेकिन उन्होंने निश्चित रूप से कालिदास से पहले कार्य किया है, इनमें उनका उल्लेख मिलता है।
    - कालिदास (पहली शताब्दी ईसा पूर्व से चौथी शताब्दी तक) के कार्यों में शकुंतला, विक्रमोर्वण्य, कुमारसंभव और रघुवंश शामिल हैं।
    - सूद्रका (Śūdraka) और मृच्छकटिकम् ("लिटिल क्ले कार्ट") संभवत: तीसरी शताब्दी के काल की हैं। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
    - अश्वघोष की बुद्धचरित (Ashvaghosha's Buddhacarita) बौद्ध साहित्य के बेहतरीन उदाहरणों में से एक है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।**
    - भारवी और किरातार्जुन्य (अर्जुन और किरात) लगभग 7वीं शताब्दी के हैं।

37.

उत्तर: B

व्याख्या:

- यह उत्तराखंड के नैनीताल ज़िले में अवस्थित है। वर्ष 1973 में प्रोजेक्ट टाइगर की शुरुआत कॉर्बेट नेशनल पार्क (भारत का पहला राष्ट्रीय उद्यान) में हुई थी, जो कि कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व का एक हिस्सा है।
    - इस राष्ट्रीय उद्यान की स्थापना वर्ष 1936 में हैली नेशनल पार्क के रूप में की गई थी जिसका उद्देश्य लुप्तप्राय बंगाल टाइगर को संरक्षण प्रदान करना था।
    - इसका नाम जिम कॉर्बेट के नाम पर रखा गया है जिन्होंने इसकी स्थापना में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।
- इसका मुख्य क्षेत्र में कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान जबकि बफर ज़ोन में आरक्षित वन और साथ ही सोनानदी वन्यजीव अभयारण्य शामिल हैं।
- रिज़र्व का पूरा क्षेत्र पहाड़ी है और यह शिवालिक तथा बाह्य हिमालय भूवैज्ञानिक प्रांतों के अंतर्गत आता है।
- रामगंगा, सोननदी, मंडल, पालेन और कोसी रिज़र्व से होकर बहने वाली प्रमुख नदियाँ हैं। **अत: विकल्प B सही है।**

38.

उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में ग्रामीण विकास मंत्रालय (Ministry of Rural development) द्वारा एक नया भू-स्थानिक योजना पोर्टल "युक्तधारा" लॉन्च किया गया है। नए पोर्टल से रिमोट सेंसिंग और GIS आधारित जानकारियों का उपयोग करते हुए नई मनरेगा परिसंपत्तियों की योजना बनाने में सुविधा प्राप्त होगी।
    - यह भुवन (Bhuvan) के अंतर्गत एक नया पोर्टल है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह इसरो और ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से किए गए अथक प्रयासों का परिणाम है, जो विकेंद्रीकृत निर्णय लेने के समर्थन में ग्रामीण योजनाओं हेतु गवर्नमेंट-टू-गवर्नमेंट (G2G) सेवा को साकार करने के लिये किया गया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - पूर्व में इसरो द्वारा लॉन्च किया गया 'भुवन' पोर्टल वर्तमान समय में पूरे भारत में कई विकासात्मक योजना गतिविधियों के लिये एक वास्तविक भू-स्थानिक मंच बन गया है।
- यह प्लेटफॉर्म विभिन्न राष्ट्रीय ग्रामीण विकास कार्यक्रमों यानी मनरेगा, एकीकृत वाटरशेड प्रबंधन कार्यक्रम, प्रति बूंद अधिक फसल और राष्ट्रीय कृषि विकास योजना आदि के अंतर्गत बनाई गई परिसंपत्तियों (जियोटैग) के भंडार के रूप में कार्य करेगा, जिसमें फील्ड फोटोग्राफी भी शामिल है। **अत: कथन 3 सही है।**
- यह पोर्टल विभिन्न प्रकार की थीमेटिक परतों, मल्टी-टेम्पोरल हाई रेजोल्यूशन अर्थ ऑब्जर्वेशन डेटा को, विश्लेषण उपकरणों के साथ एकीकृत करेगा।
- योजनाकार विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पिछली परिसंपत्तियों का विश्लेषण करने तथा ऑनलाइन उपकरणों के माध्यम से नए कार्यों की पहचान करने में सक्षम होंगे। राज्य के विभागों के अंतर्गत आने वाले उपयुक्त प्राधिकारियों द्वारा तैयार की गई योजनाओं का मूल्यांकन किया जाएगा।

39.

उत्तर: B

व्याख्या:

- प्रवाल आनुवंशिक रूप से समान जीवों से बने होते हैं जिन्हें 'पॉलीप्स' कहा जाता है। इन पॉलीप्स में सूक्ष्म शैवाल होते हैं जिन्हें ज़ूजैन्थेले (Zooxanthellae) कहा जाता है जो उनके ऊतकों के भीतर रहते हैं।
  - प्रवाल और शैवाल में परस्पर संबंध होता है।
  - प्रवाल, ज़ूजैन्थेले को प्रकाश संश्लेषण हेतु आवश्यक यौगिक प्रदान करता है। बदले में ज़ूजैन्थेले कार्बोहाइड्रेट की तरह प्रकाश संश्लेषण के जैविक उत्पादों की प्रवाल को आपूर्ति करता है, जो उनके कैल्शियम कार्बोनेट कंकाल के संश्लेषण हेतु प्रवाल पॉलीप्स द्वारा उपयोग किया जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - यह प्रवाल को आवश्यक पोषक तत्त्वों को प्रदान करने के अलावा इसे अद्वितीय और सुंदर रंग प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - उन्हें "समुद्र का वर्षावन" भी कहा जाता है।
  - प्रवाल दो प्रकार के होते हैं:
    - कठोर, उथले-पानी के कोरल— वह प्रकार जो भित्तियों का निर्माण करते हैं।
    - 'सॉफ्ट' प्रवाल और गहरे पानी के प्रवाल जो गहरे ठंडे पानी में रहते हैं।

40.

उत्तर: C

व्याख्या

- भूकंप में प्राय: पृथ्वी की सतह और उस पर मौजूद संरचनाओं में कंपन शामिल होता है।
  - 'राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण' के अनुसार, यह गतिमान लिथोस्फेरिक या क्रस्टल प्लेटों के बीच संचरित दबाव के मुक्त होने के कारण होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भू-पर्पटी के नीचे वह स्थान, जहाँ कंपन आरंभ होता है, उद्गम केंद्र (Hypocenter) कहलाता है, जबकि उद्गम केंद्र के भूसतह पर उसके निकटम स्थान को अधिकेंद्र (Epicenter) कहते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- 'डीप अर्थक्वेक/भूकंप' (300-700 किलोमीटर) प्राय: 'वडाती- बेनिओफ ज़ोन' में उत्पन्न होते हैं।
  - यह एक सबडक्शन क्षेत्र होता है, जिसमें भूकंप संबंधी घटनाएँ काफी आम होती हैं, जो कि एक महाद्वीपीय प्लेट के विरुद्ध समुद्री क्रस्टल प्लेट के सबडक्शन की प्रकिया के कारण उत्पन्न होते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

41.

उत्तर: A

व्याख्या:

- चकमा और हाजोंग जातीय समुदाय हैं जो चटगाँव पहाड़ी क्षेत्रों में रहते थे, इनमें से अधिकांश क्षेत्र बांग्लादेश में स्थित हैं।
  - दरअसल चकमा बौद्ध हैं, जबकि हाजोंग हिन्दू हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - ये लोग पूर्वोत्तर भारत, पश्चिम बंगाल, बांग्लादेश और म्याँमार में निवास करते हैं।
- ये 1964-65 में पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) से भारत आ गए तथा अरुणाचल प्रदेश में बस गए। **अतः कथन 1 सही है।**
  - कारण:
    - चकमास ने बांग्लादेश के कर्नाफुली (Karnaphuli) नदी पर बनाए गए कैपटाई बाँध (Kaptai dam) के कारण अपनी भूमि खो दी।
    - हाजोंग लोगों को धार्मिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ा क्योंकि वे गैर-मुस्लिम थे और बांग्ला भाषा नहीं बोलते थे।

- बहुत लंबे समय से स्थानीय लोग चकमा और हाजोंगों की अलग-अलग जातीयता के कारण विरोध कर रहे हैं।
  - 2015 में सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को उन चकमा और हाजोंग्स को नागरिकता देने का निर्देश दिया, जो 1964-69 के बीच बांग्लादेश से भारत आए थे।
- हालाँकि ये प्रत्यक्ष रूप से नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 (CAA) के दायरे में नहीं आते हैं क्योंकि अरुणाचल प्रदेश CAA से छूट प्राप्त राज्यों में से एक है और इसमें बाहरी लोगों के प्रवेश को नियंत्रित करने के लिये इनर लाइन परमिट की व्यवस्था है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

42.

उत्तर: D

व्याख्या

- कर्नाटक के विजयनगर ज़िले में स्थित 'हम्पी' में मुख्य रूप से प्रसिद्ध हिंदू साम्राज्य- विजयनगर साम्राज्य (14वीं-16वीं शताब्दी) की राजधानी के अवशेष मौजूद हैं।
- यह मध्य कर्नाटक के बेल्लारी ज़िले में तुंगभद्रा बेसिन में लगभग 4187.24 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है।
  - 'हम्पी' के विशिष्ट व मनमोहक परिदृश्य में मुख्य तौर पर तुंगभद्रा नदी, पहाड़ी श्रृंखलाएँ और व्यापक भौतिक अवशेषों के साथ खुले मैदान शामिल हैं।
- हम्पी में मंदिरों की एक अनूठी विशेषता स्तंभों वाले मंडपों की कतार से घिरी चौड़ी सड़कें हैं।
  - यहाँ के प्रसिद्ध स्थानों में कृष्ण मंदिर परिसर, नरसिंह, गणेश, हेमकुटा मंदिर समूह, अच्युतराय मंदिर परिसर, विट्ठल मंदिर परिसर, पट्टाभिराम मंदिर परिसर, कमल महल परिसर आदि शामिल हैं।
- 'हम्पी' शहर तुंगभद्रा नदी के पास एक समृद्ध और भव्य शहर था।
  - मध्यकाल में 'हम्पी'-विजयनगर, बीजिंग के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मध्ययुगीन शहर था और शायद उस समय भारत का सबसे अमीर शहर था, यही कारण है कि फारस व पुर्तगाल के व्यापारी इससे काफी आकर्षित थे।
- विजयनगर साम्राज्य सल्तनत के गठबंधन से हार गया; इसकी राजधानी पर 1565 (तालिकोटा की लड़ाई) में सल्तनत सेनाओं ने विजय प्राप्त कर ली और इसे लूट लिया गया तथा नष्ट कर दिया गया, जिसके बाद 'हम्पी' खंडहर बन गया। **अत: विकल्प D सही है।**

43.

उत्तर: D

व्याख्या:

- मदुर फ्लोर मैट बंगाली जीवन शैली का एक आंतरिक हिस्सा है, मदुर मैट या मधुरकथी प्राकृतिक फाइबर से बने होते हैं।
  - इसे अप्रैल 2018 में GI रजिस्ट्री द्वारा भौगोलिक संकेत (GI) टैग से सम्मानित किया गया था।
  - यह एक प्रकंद आधारित पौधा (साइपरस टेगेटम या साइपरस पैंगोरेई) है जो पश्चिम बंगाल के पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर के जलोढ़ इलाकों में प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।
- बंगाल से GI टैग वाले अन्य आइटम:
  - कुष्मंडी का लकड़ी का मुखौटा, पुरुलिया चौ-मुखौटा, गोविंदभोग चावल, तुलाईपंजी चावल, बंगाल पटचित्र, दार्जिलिंग चाय आदि। **अत: विकल्प D सही है।**

44.

उत्तर: C

व्याख्या:

- श्री नारायण गुरु अद्वैत वेदांत के सबसे बड़े समर्थकों और पुनर्मूल्यांकनकर्ताओं में से एक बन गए, जो आदि शंकराचार्य द्वारा सामने रखे गए अद्वैत के सिद्धांत थे। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- उन्होंने विभिन्न भाषाओं में अनेक पुस्तकें लिखीं। उनमें से कुछ प्रमुख हैं: अद्वैत दीपिका, असरमा, थिरुकुरल, थेवरप्पाथिंकंगल आदि।
- राष्ट्रीय आंदोलन में योगदान:
    - सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ:
        - श्री नारायण गुरु मंदिर प्रवेश आंदोलन में सबसे अग्रणी थे और अछूतों के प्रति सामाजिक भेदभाव के खिलाफ थे।
    - वैकोम आंदोलन के लिये प्रोत्साहन:
        - श्री नारायण गुरु ने वायकोम सत्याग्रह (त्रावणकोर) को गति प्रदान की। इस आंदोलन का उद्देश्य निम्न जातियों को मंदिरों में प्रवेश दिलाना था। इस आंदोलन की वजह से महात्मा गांधी सहित सभी लोगों का ध्यान उनकी तरफ गया। अत: कथन 2 सही है।
    - उनकी कविताओं के माध्यम से एकता:
        - उन्होंने अपनी कविताओं में भारतीयता के सार को समाहित किया और दुनिया की विविधता के बीच मौजूद एकता को रेखांकित किया।
- विज्ञान में योगदान:
    - श्री नारायण गुरु ने स्वच्छता, शिक्षा, कृषि, व्यापार, हस्तशिल्प और तकनीकी प्रशिक्षण पर ज़ोर दिया।
    - श्री नारायण गुरु का अध्यारोप (Adyaropa) दर्शनम् (दर्शनमला) ब्रह्मांड के निर्माण की व्याख्या करता है।
    - इनके दर्शन में दैवदशकम् (Daivadasakam) और आत्मोपदेश शतकम् (Atmopadesa Satakam) जैसे कुछ उदाहरण हैं जो यह बताते हैं कि कैसे रहस्यवादी विचार तथा अंतर्दृष्टि वर्तमान की उन्नत भौतिकी से मिलते-जुलते हैं।

45.

उत्तर: A

व्याख्या

- हाल ही में भारत सरकार ने 'राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन' (NMP) की शुरुआत की है। NMP के अनुमान के मुताबिक, वित्त वर्ष 2022 से वित्त वर्ष 2025 तक चार साल की अवधि में केंद्र सरकार की मुख्य संपत्ति में 6 लाख करोड़ रुपए की कुल मुद्रीकरण क्षमता मौजूद है।
    - यह योजना प्रधानमंत्री की रणनीतिक विनिवेश नीति के अनुरूप है, जिसके तहत सरकार केवल कुछ ही विशिष्ट क्षेत्रों में उपस्थिति बनाए रखेगी और शेष को निजी क्षेत्र के लिये खोल दिया जाएगा। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य ब्राउनफील्ड परियोजनाओं में निजी क्षेत्र को शामिल करना और उन्हें राजस्व अधिकार हस्तांतरित करना है, हालाँकि इसके तहत परियोजनाओं के स्वामित्व का हस्तांतरण नहीं किया जाएगा, साथ ही इसके माध्यम से उत्पन्न पूंजी का उपयोग देश भर में बुनियादी अवसंरचनाओं के निर्माण के लिये किया जाएगा। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

46.

उत्तर: D

व्याख्या:

- नैनो रोबोटिक्स नैनो स्केल पर मशीन या रोबोट बनाने की तकनीक का वर्णन करती है।
    - 'नैनोबॉट' इंजीनियर नैनो मशीनों को संदर्भित करने के लिये एक अनौपचारिक शब्द है।
    - दवा वितरण के लिये उनका बहुत प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा सकता है।
        - आमतौर पर रोग प्रभावित क्षेत्र में पहुँचने से पहले दवाएँ पूरे शरीर में काम करती हैं।
        - नैनोटेक्नोलॉजी का उपयोग करके दवा को एक सटीक स्थान पर लक्षित किया जा सकता है जो दवा को अधिक प्रभावी बना देगा और संभावित दुष्प्रभावों की संभावना को कम करेगा।
- स्वास्थ्य देखभाल में नैनो तकनीक का उपयोग:
    - दिल के दौरे के लिये नैनोटेक डिटेक्टर।
    - नेत्र शल्य चिकित्सा, कीमोथेरेपी आदि के लिये नैनोकैरियर्स।

नोट :

- रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने के लिये मधुमेह पैड।
- नैनोस्पंज एक लाल रक्त कोशिका झिल्ली के साथ लेपित बहुलक नैनोकण हैं और इसे विषाक्त पदार्थों को अवशोषित करने तथा उन्हें रक्त प्रवाह से निकालने के लिये उपयोग किया जा सकता है।
- नैनोफ्लेयर्स का उपयोग रक्तप्रवाह में कैंसर कोशिकाओं का पता लगाने के लिये किया जाता है।
- डीएनए अनुक्रमण को अधिक कुशल बनाने के लिये नैनोपोर्स का उपयोग किया जाता है। **अतः विकल्प D सही है।**

47.

उत्तर: A

व्याख्या

- हाल ही में एशियाई विकास बैंक (ADB) ने 'की इंडिकेटर फॉर एशिया एंड द पैसिफिक 2021' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - यह ADB के 49 क्षेत्रीय सदस्यों के लिये व्यापक आर्थिक, वित्तीय, सामाजिक और पर्यावरणीय आँकड़े प्रस्तुत करती है।
- गरीबी: महामारी ने वर्ष 2020 में विकासशील एशिया-प्रशांत क्षेत्र में 75-80 मिलियन लोगों को अत्यधिक गरीबी में धकेल दिया है।
- वैश्विक जीडीपी में योगदान: एशिया-प्रशांत क्षेत्र की अर्थव्यवस्था हाल के वर्षों में मज़बूत गति से आगे बढ़ी है और इसने वर्ष 2019 में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 35% तक का योगदान दिया है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - किंतु कोविड-19 महामारी से प्रेरित निम्न घरेलू निवेश और धीमी वैश्विक व्यापार एवं आर्थिक गतिविधियों ने इस गति को चुनौती देना शुरू कर दिया।
- घरेलू आय: व्यापार में संलग्न परिवारों की एक बड़ी संख्या महामारी से बुरी तरह प्रभावित हुई थी।
- बेरोज़गारी: दुनिया भर में महामारी के कारण वर्ष 2020 में बेरोज़गारी दर में कम-से-कम 20% की वृद्धि हुई है, साथ ही एशिया-प्रशांत क्षेत्र में काम के घंटे में अनुमानित 8% का नुकसान हुआ है।
- श्रम बल भागीदारी: वर्ष 2019 से 2020 तक महिलाओं के बीच श्रम बल भागीदारी दर में औसतन 1.4% की गिरावट आई, जबकि पुरुषों के बीच श्रम बल भागीदारी दर में 0.8% की गिरावट आई। **अतः कथन 3 सही है।**

48.

उत्तर : D

व्याख्या :

- EASE रिफॉर्म एजेंडा सरकार और PSB द्वारा संयुक्त रूप से जनवरी 2018 में लॉन्च किया गया था।
- इसे इंडियन बैंक्स एसोसिएशन के माध्यम से कमीशन किया गया था और बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप द्वारा निर्मित किया गया था।
- EASE सुधार एजेंडा के तहत विभिन्न चरण:
  - EASE 1.0: EASE 1.0 रिपोर्ट ने पारदर्शी रूप से गैर-निष्पादित आस्तियों (NPA) के समाधान में PSB के प्रदर्शन में महत्त्वपूर्ण सुधार दिखाया।
  - EASE 2.0: EASE 2.0 को EASE 1.0 की नींव पर बनाया गया था और सुधार यात्रा को अपरिवर्तनीय बनाने, प्रक्रियाओं और प्रणालियों को मज़बूत करने तथा परिणामों को लागू करने के लिये छह विषयों में नए सुधार कार्य बिंदु प्रस्तुत किये गए। EASE 2.0 के छह विषय हैं:
    - ज़िम्मेदार बैंकिंग;
    - ग्राहक प्रतिक्रिया;
    - क्रेडिट ऑफ-टेक,
    - उद्यमी मित्र के रूप में पीएसबी (MSMEs के क्रेडिट प्रबंधन के लिये सिडबी पोर्टल);
    - वित्तीय समावेशन और डिजिटलीकरण;
    - शासन और मानव संसाधन (HR)।

- Ease 3.0: यह तकनीक का उपयोग करते हुए सभी ग्राहक अनुभवों में बैंकिंग को आसान बनाने का प्रयास करता है।
- EASE 4.0 : यह ग्राहक-केंद्रित डिजिटल परिवर्तन के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिये PSB को तकनीक-सक्षम, सरलीकृत और सहयोगी बैंकिंग के लिये प्रतिबद्ध करता है। **अत: विकल्प D सही है।**

49.

उत्तर: B

व्याख्या:

- स्ट्रेप्टोकोकस न्यूमोनिया या न्यूमोकोकस नामक बैक्टीरिया के कारण होने वाले संक्रमण को न्यूमोकोकल रोग के नाम से जाना जाता है। ज़्यादातर लोगों के नाक और गले में न्यूमोकोकस जीवाणु पाए जाते हैं, जबकि जीवाणु के कोई लक्षण नहीं दिखाई देते हैं।
  - हालाँकि कभी-कभी बैक्टीरिया/जीवाणु बढ़कर शरीर के अन्य हिस्सों में फैल जाते हैं और तब लोग बीमार हो जाते हैं।
  - ये बैक्टीरिया कई तरह की बीमारियों का कारण बन सकते हैं, जिनमें निमोनिया भी शामिल है, जो फेफड़ों का संक्रमण है। न्यूमोकोकल बैक्टीरिया निमोनिया के सबसे सामान्य कारणों में से एक है।
- न्यूमोकोकल रोग किसी को भी हो सकता है लेकिन 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, कुछ चिकित्सीय स्थितियों वाले लोग, 65 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वयस्क और सिगरेट पीने वाले लोगों में इसका सबसे अधिक खतरा होता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - निमोनिया शिशु और बाल मृत्यु दर का एक प्रमुख कारण रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों की कुल मौतों में से 15% मौतें निमोनिया के कारण होती हैं।
  - यह अनुमान लगाया गया था कि इस बीमारी ने लगभग 16 लाख बच्चों को प्रभावित किया और वर्ष 2015 में देश भर में लगभग 68,700 बच्चों की मौत हुई।
- भारत सरकार सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (UIP) के तहत इसे उपलब्ध कराकर वंचितों के लिये समान पहुँच सुनिश्चित कर रही है। **अत: कथन 2 सही है।**

50.

उत्तर : C

व्याख्या :

- हाल ही में नीति आयोग (NITI Aayog) और वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट (World Resources Institute-WRI), द्वारा संयुक्त रूप से भारत में 'फोरम फॉर डिकार्बोनाइज़िंग ट्रांसपोर्ट' (Forum for Decarbonizing Transport) को लॉन्च किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह मंच राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC)- एशिया के लिये परिवहन पहल (NDC-TIA) परियोजना का एक हिस्सा है, जो प्रभावी नीतियों की एक सुसंगत रणनीति विकसित करने और क्षेत्र में कार्बन मुक्त परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये एक बहु-हितधारक मंच के गठन पर केंद्रित है। **अत: कथन 2 सही है।**

51.

उत्तर: D

व्याख्या:

- भारतीय संविधान के अनुसार, अनुच्छेद 15 (4), 15 (5) और 16 (4) राज्य सरकार को सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों (SEBC) की सूची घोषित करने और पहचान करने की शक्ति प्रदान करते हैं।
- प्रसिद्ध इंद्रा साहनी मामले (1992) में, अनुच्छेद 16 (4) के दायरे और सीमा, जो पिछड़े वर्गों के पक्ष में नौकरियों के आरक्षण का प्रावधान करती है, की सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पूरी तरह से जाँच की गई है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि OBC (क्रीमी लेयर) के उन्नत वर्गों को आरक्षण के लाभार्थियों की सूची से बाहर रखा जाना चाहिये। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- रोहिणी आयोग का गठन संविधान के अनुच्छेद 340 के तहत अक्तूबर 2017 में किया गया था। इसका गठन केंद्रीय OBC सूची में 5000 विषम जातियों को उप-वर्गीकृत करने के कार्य को पूरा करने के लिये किया गया था। **अतः कथन 3 सही है।**

52.

उत्तर: C

व्याख्या

- हाल ही में 'यूनिसेफ' ने 'फ्राइडे फॉर फ्यूचर' के सहयोग से 'द क्लाइमेट क्राइसिस इज़ ए चाइल्ड राइट्स क्राइसिस: इंट्रोड्यूसिंग द चिल्ड्रन क्लाइमेट रिस्क इंडेक्स' नाम से एक रिपोर्ट लॉन्च की है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - यह बच्चे के दृष्टिकोण से किया गया जलवायु जोखिम का पहला व्यापक विश्लेषण है।
    - इससे पूर्व 'नोट्रे डेम ग्लोबल एडाप्टेशन इनिशिएटिव' (ND-GAIN) इंडेक्स पर आधारित एक विश्लेषण ने दुनिया भर के बच्चों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को स्पष्ट किया था।
- 'चिल्ड्रेन क्लाइमेट रिस्क इंडेक्स' आवश्यक सेवाओं तक बच्चों की पहुँच के आधार पर जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय घटनाओं, जैसे कि चक्रवात और हीटवेव आदि के प्रति बच्चों की भेद्यता के आधार पर विभिन्न देशों को रैंक प्रदान करता है।
    - पाकिस्तान (14वाँ), बांग्लादेश (15वाँ), अफगानिस्तान (25वाँ) और भारत (26वाँ) उन दक्षिण एशियाई देशों में शामिल हैं, जहाँ बच्चों पर जलवायु संकट के प्रभाव का जोखिम सबसे अधिक है।
    - भारत उन चार दक्षिण एशियाई देशों में शामिल है, जहाँ बच्चों को जलवायु परिवर्तन के कारण स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में खतरों का सामना करना पड़ता है। **अतः कथन 2 सही है।**

53.

उत्तर: D

व्याख्या:

- चिकनगुनिया एक मच्छर जनित वायरल बीमारी है जिसके पहचान पहली बार वर्ष 1952 में दक्षिणी तंजानिया में इसके संक्रमण के दौरान की गई थी।
    - यह नाम स्थानीय किमाकोंडे भाषा से लिया गया है और इसका अर्थ है "विकृत हो जाना" तथा इस बीमारी के कारण होने वाले जोड़ों के तीव्र दर्द से पीड़ित रोगियों की अवस्था का वर्णन करना।
    - यह संक्रमित मच्छर के काटने से लोगों में फैलता है।यह सबसे अधिक बार एडीज़ एजिप्टी और एडीज़ एल्बोपिक्टस मच्छरों द्वारा लोगों में फैलता है। ये वही मच्छर हैं जो डेंगू वायरस फैलाते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- हाल ही में इंटरनेशनल वैक्सीन इंस्टीट्यूट (IVI) ने घोषणा की है कि भारत बायोटेक के चिकनगुनिया वैक्सीन उम्मीदवार (BBV87) ने दूसरे और तीसरे चरण के क्लिनिकल परीक्षण में प्रवेश किया है। वर्तमान में चिकनगुनिया का कोई वाणिज्यिक टीका उपलब्ध नहीं है।
    - BBV87 एक निष्क्रिय वायरस वैक्सीन है, जो Covaxin के समान है।
    - भारत बायोटेक के चिकनगुनिया वैक्सीन उम्मीदवार को इंटरनेशनल वैक्सीन इंस्टीट्यूट (IVI) के साथ साझेदारी में विकसित किया गया था। अतः कथन 2 सही है।
- चिकनगुनिया वैक्सीन का विकास संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) की एक पहल है, जो ग्लोबल चिकनगुनिया वैक्सीन क्लिनिकल डेवलपमेंट प्रोग्राम (GCCDP) के हिस्से के रूप में है।
    - इसे भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के Ind-CEPI मिशन के महामारी की तैयारी में नवाचारों हेतु गठबंधन (CEPI) के द्वारा वित्तपोषित किया गया था। **अतः कथन 3 सही है।**

54.

उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) ने 'उत्पाद, नवाचार विकास और वृद्धि (समृद्ध) के लिये MeitY के स्टार्टअप एक्सीलेरेटर (समृद्ध) कार्यक्रम को लॉन्च किया है। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय सॉफ्टवेयर उत्पाद स्टार्ट-अप के लिये एक अनुकूल मंच तैयार करना है ताकि वे अपने उत्पादों को बढ़ा सकें और अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिये निवेश सुरक्षित कर सकें। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- कार्यक्रम का क्रियान्वयन MeitY स्टार्टअप हब (MSH) द्वारा किया जा रहा है।
  - MSH एक राष्ट्रीय समन्वय, सुविधा और निगरानी केंद्र के रूप में कार्य करता है जो MeitY के सभी इन्क्यूबेशन केंद्रों, स्टार्टअप और नवाचार संबंधी गतिविधियों को एकीकृत करेगा।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय स्टार्टअप के विकास को आगे बढ़ाना है, जिसमें 63 यूनिकॉर्न सामने आए हैं, जो अब 168 बिलियन अमेरिकी डॉलर के कुल मूल्यांकन के साथ वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा यूनिकॉर्न हब है।

55.

उत्तर: C

व्याख्या

- यह एक व्यक्ति को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध अपनी व्यक्तिगत जानकारी को इंटरनेट, सर्च, डेटाबेस, वेबसाइटों या किसी अन्य सार्वजनिक प्लेटफॉर्म से हटाने का अधिकार देता है, जब संबंधित व्यक्तिगत जानकारी आवश्यक या प्रासंगिक नहीं रह जाती है।
  - 'गूगल स्पेन मामले' में 'यूरोपीय संघ न्यायालय' (CJEU) द्वारा वर्ष 2014 में दिये गए निर्णय के बाद से 'भूल जाने के अधिकार' का महत्त्व काफी अधिक बढ़ गया है।
- 'पुट्टस्वामी बनाम भारत संघ' (वर्ष 2017) मामले में निजता के अधिकार को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मौलिक अधिकार घोषित किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
  - मूल तौर पर 'भूल जाने का अधिकार' अनुच्छेद-21 के तहत निजता के अधिकार से और अनुच्छेद-14 के तहत गरिमा के अधिकार से उत्पन्न हुआ है। **अतः कथन 1 सही है।**

56.

उत्तर: B

व्याख्या:

- सांभर झील पूर्व-मध्य राजस्थान में जयपुर से 80 किमी. दक्षिण-पश्चिम में स्थित देश का सबसे बड़ा अंतर्देशीय लवणीय जल निकाय है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह अरावली श्रृंखला के अवसादी भाग का प्रतिनिधित्व करता है।
- यह नमक के उत्पादन के लिये देश में सबसे बड़ी नमक निर्माण इकाइयों में से एक है।
- हर साल हज़ारों प्रवासी पक्षी यहाँ आते हैं।
- यह वर्ष 1990 में घोषित रामसर कन्वेंशन के तहत 'अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व' की एक आर्द्रभूमि है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह निकाय समोद, खारी, मंथा, खंडेला, मेधा और रूपनगढ़ नामक छह नदियों से जल ग्रहण करता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- यहाँ अधिकतर ज़ीरोफाइटिक प्रकार (ज़ीरोफाइट शुष्क परिस्थितियों में वृद्धि के अनुकूलित वृक्ष) की वनस्पति पाई जाती है।
- यहाँ आमतौर पर राजहंस, पेलिकन और जलपक्षी देखे जाते हैं।

57.

उत्तर: D

व्याख्या:

जलियांवाला बाग घटना के बाद की स्थिति:

- गोलीबारी के बाद पंजाब में मार्शल लॉ की घोषणा कर दी गई जिसमें सार्वजनिक स्टाल पर कोड़े लगाना और अन्य प्रकार से अपमानित करना शामिल था। गोलीबारी और उसके बाद की ब्रिटिश कार्रवाइयों की खबर पूरे उपमहाद्वीप में फैलते ही भारतीय नागरिकों में आक्रोश फैल गया। **अतः कथन 1 सही है।**

- इस घटना के विरोध में बांग्ला कवि और नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर ने वर्ष 1915 में प्राप्त नाइटहुड की उपाधि का त्याग कर दिया।
- महात्मा गांधी ने बोअर युद्ध (दक्षिण अफ्रीकी युद्ध 1899-1902) के दौरान किये गए अपने कार्य के लिये अंग्रेज़ों द्वारा दी गई कैसर-ए-हिंद की उपाधि को त्याग दिया। **अतः कथन 2 सही है।**
- उस समय वायसराय की कार्यकारी परिषद में एकमात्र भारतीय प्रतिनिधि चेट्टूर शंकरन नायर (1857-1934) ने विरोध में अपने पद से इस्तीफा दे दिया। **अतः कथन 3 सही है।**
    - उस समय लॉर्ड चेम्सफोर्ड वायसराय थे।
- इस नरसंहार की जाँच के लिये 14 अक्तूबर, 1919 को एक जाँच समिति का गठन किया गया था। बाद में इसे अध्यक्ष लॉर्ड विलियम हंटर के नाम पर हंटर आयोग के रूप में जाना जाने लगा। इसमें भारतीय सदस्य भी शामिल थे।
- 1920 में हंटर आयोग ने जनरल डायर द्वारा किये गए उसके कार्यों की निंदा की और उसे ब्रिगेड कमांडर के पद से त्यागपत्र देने का निर्देश दिया।
- भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस ने अपनी स्वयं की गैर-आधिकारिक समिति नियुक्त की और उसे जाँच करने के लिये कहा, इसमें शामिल थे- मोतीलाल नेहरू, सी.आर. दास, अब्बास तैयबजी, एम.आर. जयकर और गांधीजी।
- गांधीजी ने जल्द ही अपना पहला बड़े पैमाने पर और निरंतर अहिंसक विरोध (सत्याग्रह) अभियान, असहयोग आंदोलन (1920–22) का आयोजन शुरू किया, जो 25 वर्ष बाद भारत से ब्रिटिश शासन को समाप्त करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम साबित हुआ। **अतः कथन 4 सही है।**

58.

उत्तर: A

व्याख्या:

- हरि सिंह नलवा एक महान सिख सेनापति थे, जिन्होंने अफगानिस्तान की उपद्रवी शक्तियों को नियंत्रित किया और वहाँ के सबसे शक्तिशाली सिख योद्धा की प्रतिष्ठा अर्जित की।
- वह महाराजा रणजीत सिंह की सेना में सेनापति थे।
    - वह कश्मीर, हज़ारा और पेशावर के प्रशासक भी रहे।
    - उन्होंने पहली बार अफगानिस्तान सीमा और खैबर दर्रे के साथ कई क्षेत्रों पर नियंत्रण करके अफगानों को उत्तर-पश्चिम सीमांत को नुकसान पहुँचाने से रोका।
        - इस प्रकार उन्होंने अफगानों को खैबर दर्रे से होकर पंजाब में प्रवेश करने से रोक दिया, जो कि 1000 ईस्वी से 19वीं शताब्दी की शुरुआत तक विदेशी आक्रमणकारियों के लिये भारत में प्रवेश करने का एक मुख्य प्रवेश मार्ग के रूप में कार्य करता था।
- वर्ष 1807 में हुए कसूर (अब पाकिस्तान में) के युद्ध में उन्होंने अफगानी शासक कुतब-उद-दीन खान को पराजित किया।
- वर्ष 1818 में, नलवा के नेतृत्त्व में सिख सेना ने पेशावर की लड़ाई जीती और नलवा को वहाँ तैनात किया गया। वर्ष 1837 में नलवा ने ज़मरूद पर अधिकार कर लिया, जो खैबर दर्रे के माध्यम से अफगानिस्तान के प्रवेश द्वार पर स्थित एक किला था।
    - इतिहासकारों का मानना है कि यदि महाराजा रणजीत सिंह और उनके सेनापति हरि सिंह नलवा ने पेशावर तथा उत्तर पश्चिम सीमांत, जो कि अब वर्तमान पाकिस्तान का हिस्सा है, पर विजय प्राप्त नहीं की होती तो यह क्षेत्र अफगानिस्तान का हिस्सा हो सकता था और पंजाब एवं दिल्ली पर अफगानों का आक्रमण कभी नहीं रुकता। **अतः विकल्प A सही है।**

59.

उत्तर: C

व्याख्या

- 'स्वेट इक्विटी' का आशय एक कंपनी के कर्मचारी या संस्थापक की ओर से कंपनी को दिये गए गैर-मौद्रिक योगदान से होता है। प्रायः वित्तीय संकट से प्रभावित स्टार्टअप और व्यवसायों के मालिक आमतौर पर अपनी कंपनियों के लिये फंड जुटाने हेतु 'स्वेट इक्विटी' का उपयोग करते हैं। **अतः कथन 1 और 2 दोनों सही हैं।**

- कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2 (88) के अनुसार, 'स्वेट इक्विटी' शेयरों का अर्थ ऐसे इक्विटी शेयर से है, जो किसी कंपनी द्वारा अपने निदेशकों या कर्मचारियों को छूट पर जारी किये जाते हैं।
- यह बौद्धिक संपदा अधिकारों या मूल्य वर्द्धन की प्रकृति में जानकारी प्रदान करने या अधिकार उपलब्ध कराने के लिये भी जारी किये जाएंगे।

60.

उत्तर: D

व्याख्या

- 'मिल्की सी' घटना, जिसे 'मारेल' (Mareel) भी कहा जाता है, समुद्री बायोलुमिनसेंस (Bioluminescence) का एक दुर्लभ रूप है जहाँ रात के समय समुद्री सतह एक व्यापक, समान और स्थिर सफेद चमक उत्पन्न करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - बायोलुमिनसेंस एक जीवित जीव (Living Organism) के भीतर एक रासायनिक प्रतिक्रिया द्वारा उत्पन्न प्रकाश है।
- यह मैक्रोस्केल पर व्यक्त होने वाले चमकदार बैक्टीरिया (Luminous Bacteria) और सूक्ष्म शैवालों के मध्य एक मृतजीवी/सैप्रोफाइटिक संबंध (Saprophytic Relationship) उत्पन्न होता है।
  - जल की सतह पर एक विब्रियो हार्वेई (Vibrio Harveyi) नामक चमकदार बैक्टीरिया का शैवाल के साथ कॉलोनाइजिंग स्ट्रेन पाया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- IOD अपने सकारात्मक चरण के दौरान हिंद महासागर के पश्चिमी हिस्से में गर्म पूलिंग पानी के साथ उष्ण/नम परिस्थितियों और पूर्वी हिस्से में तेज़ पूर्वी हवाओं के साथ ठंडी/शुष्क स्थितियों से मेल खाता है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - ये हवाएँ ठंडे, पोषक तत्त्वों से पूर्ण तटीय जल को ऊपर उठाती हैं जो धाराओं के साथ खुले समुद्र की ओर बहती हैं, जिससे एक व्यापक क्षेत्र में शैवाल खिलने (Algal Blooms) की घटना होती है तथा ये संभावित रूप से मिल्की सी यानी दूध के समान रंग वाले समुद्र की उत्पत्ति हेतु अनुकूल परिस्थितियाँ होती हैं।

61.

उत्तर: C

व्याख्या

- इन्फ्रास्ट्रक्चर इंवेस्टमेंट ट्रस्ट
  - इन्हें कई निवेशकों की छोटी रकम को उन परिसंपत्तियों में निवेश करने के लिये डिज़ाइन किया गया है जो एक अवधि में नकदी प्रवाह उत्पन्न करते हैं। इस नकदी प्रवाह का एक हिस्सा निवेशकों को लाभांश के रूप में वितरित किया जाएगा।
    - ये ऐसे उपकरण हैं जो म्यूचुअल फंड की तरह काम करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
  - InvITs की संरचना इस प्रकार की जाती है कि निवेशकों को पूर्वानुमेय नकदी प्रवाह (Predictable Cash Flows) के साथ बुनियादी ढाँचे की संपत्ति में निवेश करने का अवसर मिल सके, जबकि परिसंपत्ति के मालिक उन परिसंपत्तियों से भविष्य में होने वाले राजस्व नकदी प्रवाह को रोकने हेतु अग्रिम संसाधन जुटा सकते हैं, जिन्हें बदले में नई परिसंपत्तियों में लगाया जा सकता है या कर्ज के रूप में चुकाने हेतु इस्तेमाल किया जा सकता है।
  - InvITs को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) (इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट्स) विनियम, 2014 द्वारा विनियमित किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - InvIT 'इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग' (IPO) में न्यूनतम निवेश राशि 10 लाख रुपए है, इसलिये यह उच्च आय वाले व्यक्तियों, संस्थागत और गैर-संस्थागत निवेशकों के लिये उपयुक्त है। **अतः कथन 3 सही है।**
    - InvITs को स्टॉक की तरह ही IPO के माध्यम से एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध किया जाता है।

62.

उत्तर: C

व्याख्या

- 'ई-श्रम' पोर्टल का उद्देश्य देश भर में कुल 38 करोड़ असंगठित श्रमिकों जैसे- निर्माण मज़दूरों, प्रवासी कार्यबल, रेहड़ी-पटरी वालों और घरेलू कामगारों को पंजीकृत करना है।

- इसके तहत श्रमिकों को एक 'ई-श्रम कार्ड' जारी किया जाएगा, जिसमें 12 अंकों का एक विशिष्ट नंबर शामिल होगा। अत: कथन 1 सही है।
- सभी पंजीकृत असंगठित श्रमिकों को एक वर्ष के लिये 'प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना' (PMSBY) के माध्यम से दुर्घटना बीमा कवरेज प्रदान किया जाएगा। **अत: कथन 2 सही है।**
- यदि कोई कर्मचारी 'ई-श्रम' पोर्टल पर पंजीकृत है और दुर्घटना का शिकार होता है, तो मृत्यु या स्थायी विकलांगता की स्थिति में 2 लाख रुपए और आंशिक विकलांगता की स्थिति में 1 लाख रुपए का पात्र होगा।
- श्रमिक, ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार के सामाजिक सुरक्षा लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं। प्राकृतिक आपदाओं या महामारी के मामले में पात्र श्रमिकों को सहायता प्रदान करने के लिये यह पोर्टल पंजीकरण केंद्रों तथा राज्य सरकारों के लिये उपयोगी होगा।

63.

उत्तर : D

व्याख्या :

- प्रधानमंत्री जन धन योजना वित्तीय समावेशन के लिये एक राष्ट्रीय मिशन है, जो वित्तीय सेवाओं, अर्थात् बैंकिंग / बचत और जमा खातों, प्रेषण, क्रेडिट, बीमा, पेंशन तक एक किफायती तरीके से पहुँच सुनिश्चित करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका मुख्य उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों अर्थात् कमज़ोर वर्ग और निम्न आय वर्ग हेतु किफायती कीमत पर विभिन्न वित्तीय सेवाओं तक पहुँच सुनिश्चित करना और इसके लिये प्रौद्योगिकी का उपयोग करना।
- यह जन धन खाताधारकों को अल्पकालिक ऋण के रूप में 10,000 रुपए (ओवरड्राफ्ट सुविधा) तक धन निकासी की अनुमति देता है। यह सीमा पहले 5,000 रुपए थी लेकिन सरकार ने पिछले साल इस राशि को दोगुना कर दिया। अत: कथन 2 सही है।
- अगस्त 2021 में खातों की संख्या बढ़कर 43.04 करोड़ हो गई, जो अगस्त 2015 में 17.9 करोड़ थी।
- सक्रिय खातों के प्रतिशत में निरंतर वृद्धि इस बात का संकेत है कि इनमें से अधिक-से- अधिक खाते ग्राहकों द्वारा नियमित रूप से उपयोग किये जा रहे हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

64.

उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में केंद्र सरकार ने कहा है कि ऊपरी गंगा क्षेत्र में किसी भी नई जलविद्युत परियोजना की अनुमति नहीं दी जाएगी और लोगों को स्वीकृत पर्यावरण नियमों का पालन करना होगा ताकि वर्ष के दौरान हर समय नदी में न्यूनतम प्रवाह निर्धारित कर इसके स्वास्थ्य को बनाए रखा जा सके।
- उत्तराखंड में सात परियोजनाओं को मुख्य रूप से इस आधार पर निर्माण पूरा करने की अनुमति दी गई है क्योंकि उनका 50% से अधिक कार्य पूर्ण है।
  - ये सात परियोजनाएँ इस प्रकार हैं:
    - टिहरी चरण 2: भागीरथी नदी पर 1000 मेगावाट। अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।
    - तपोवन विष्णुगढ़ : धौलीगंगा नदी पर 520 मेगावाट। अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।
    - विष्णुगढ़ पीपलकोटी : अलकनंदा नदी पर 444 मेगावाट। अत: युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।
    - सिंगोली भटवारी : मंदाकिनी नदी पर 99 मेगावाट।
    - फटा भुयांग: मंदाकिनी नदी पर 76 मेगावाट।
    - मध्यमहेश्वर : मध्यमहेश्वर गंगा पर 15 मेगावाट।
    - कालीगंगा 2: कालीगंगा नदी पर 6 मेगावाट।

नोट :

65.

उत्तर: D

व्याख्या:

- भारत निर्वाचन आयोग (ECI) भारत में संघ और राज्य चुनाव प्रक्रियाओं के प्रशासन हेतु ज़िम्मेदार एक स्वायत्त संवैधानिक प्राधिकरण है।
- यह लोकसभा, राज्यसभा, राज्य विधानसभाओं, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के कार्यालयों के चुनावों का प्रशासन करता है।
- भारतीय संविधान का भाग XV चुनावों से संबंधित है और इन मामलों के लिये एक आयोग की स्थापना का प्रावधान करता है।
- संविधान का अनुच्छेद 324 से 329 आयोग और सदस्यों की शक्तियों, कार्य, कार्यकाल, पात्रता आदि से संबंधित है।
- मूल रूप से इसमें केवल एक चुनाव आयुक्त था, लेकिन चुनाव आयुक्त संशोधन अधिनियम, 1989 के बाद इसे एक बहु-सदस्यीय निकाय बना दिया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - वर्तमान में इसमें एक मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और दो चुनाव आयुक्त (ईसी) होते हैं, जिन्हें राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है।
    - ये 6 वर्ष की अवधि के लिये या 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने (जो भी पहले हो) तक पद धारण करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (SVEEP) 2009 में मतदाता शिक्षा के लिये ECI के प्रमुख कार्यक्रम के रूप में शुरू किया गया था। **अतः कथन 3 सही है।**
    - इसका प्राथमिक लक्ष्य सभी पात्र नागरिकों को मतदान करने तथा एक निर्णय एवं नैतिक विकल्प प्रदान करने के लिये प्रोत्साहित करके एक समावेशी और सहभागी लोकतंत्र का निर्माण करना है।

66.

उत्तर: A

व्याख्या:

- लघु वित्त बैंक वे वित्तीय संस्थान हैं जो देश के उन क्षेत्रों को वित्तीय सेवाएँ प्रदान करते हैं जहाँ बैंकिंग सेवाएँ उपलब्ध नहीं हैं।
    - लघु वित्त बैंक, कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत एक सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी के रूप में पंजीकृत हैं। अतः कथन 1 सही है।
    - इन्हें बैंक रहित ग्रामीण केंद्रों में अपने कम-से-कम 25% बैंकिंग आउटलेट खोलने की आवश्यकता होती है।
- SFB को अपने समायोजित निवल बैंक ऋण (Adjusted Net Bank Credit) का 75% प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को उधार (Priority Sector Lending- PSL) में देना आवश्यक है। **अतः कथन 2 सही है।**
- SFB निम्नलिखित प्रावधानों द्वारा शासित होते हैं:
    - भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934,
    - बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949,
    - विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999,
    - भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007,
    - क्रेडिट सूचना कंपनी (विनियमन) अधिनियम, 2005,
    - जमा बीमा और ऋण गारंटी निगम अधिनियम, 1961,
    - अन्य प्रासंगिक कानून तथा भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) और अन्य नियामकों द्वारा समय-समय पर जारी किये गए निर्देश। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

67.

उत्तर: C

व्याख्या:

- वेस्ट नील वायरस (WNV) फ्लैविवायरस जीनस (Flavivirus Genus) का सदस्य है और फ्लैविविरिडे (Flaviviridae) परिवार के जापानी एन्सेफलाइटिस एंटीजेनिक कॉम्प्लेक्स (Japanese Encephalitis Antigenic Complex) से संबंधित है।

नोट :

- WNV आमतौर पर अफ्रीका, यूरोप, मध्य पूर्व, उत्तरी अमेरिका और पश्चिम एशिया में पाया जाता है।

- WNV को पहली बार वर्ष 1937 में युगांडा के वेस्ट नाइल ज़िले में एक महिला में पाया गया था।
  - इसकी पहचान वर्ष 1953 में नील डेल्टा क्षेत्र में पक्षियों (कौवे और कोलंबिफॉर्मिस) में की गई थी। वर्ष 1997 से पहले WNV को पक्षियों के लिये रोगजनक नहीं माना जाता था, लेकिन इस समय इज़राइल में विषाणु के कारण विभिन्न पक्षी प्रजातियों की मृत्यु हो गई, जो एन्सेफलाइटिस और पक्षाघात के लक्षण दर्शाते थे। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- WNV एक संक्रामक रोग है जो संक्रमित मच्छरों द्वारा फैलता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - यह संक्रमित क्यूलेक्स मच्छर के काटने से पक्षियों से मनुष्यों में फैलता है।
    - यह मनुष्यों में एक घातक स्नायविक (Neurological) रोग का कारण बन सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, लगभग 20% मामलों में वायरस वेस्ट नाइल बुखार का कारण बनता है। यह जीका, डेंगू और येलो फीवर वायरस से संबंधित है।

68.

उत्तर: C

व्याख्या:

- NMEO-OP एक नई केंद्र प्रायोजित योजना है। वर्ष 2025-26 तक पाम ऑयल के लिये अतिरिक्त 6.5 लाख हेक्टेयर का प्रस्ताव है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इसमें 2025-26 तक पाम ऑयल की खेती के क्षेत्र को 10 लाख हेक्टेयर और 2029-30 तक 16.7 लाख हेक्टेयर तक बढ़ाना शामिल होगा।
- पाम ऑयल किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी और उन्हें मूल्य एवं व्यवहार्यता सूत्र के तहत पारिश्रमिक मिलेगा। **अतः कथन 2 सही है।**
  - व्यवहार्यता सूत्र एक न्यूनतम समर्थन मूल्य है और सरकार इसे अब कच्चे पाम ऑयल (सीपीओ) मूल्य के 14.3% पर तय करेगी।
- अंततः यह बढ़कर 15.3% हो जाएगा।
- योजना का एक अन्य फोकस क्षेत्र इनपुट/हस्तक्षेपों के समर्थन में पर्याप्त वृद्धि करना है।
  - पुराने बागानों को उनके कायाकल्प के लिये विशेष सहायता दी जाएगी।

69.

उत्तर: C

व्याख्या:

- 'भारत के राज्यक्षेत्र में सर्वत्र अबाध संचरण' का आधिकार
  - भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19(1)(d) प्रत्येक नागरिक को देश के संपूर्ण राज्यक्षेत्र में स्वतंत्र रूप से घूमने का अधिकार प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह अधिकार केवल राज्य की कार्रवाई से सुरक्षा प्रदान करता है, न कि निजी व्यक्तियों से।
  - इसके अलावा यह अधिकार केवल भारतीय नागरिकों के लिये उपलब्ध है, न कि विदेशी नागरिकों या कानूनी व्यक्तियों- जैसे कंपनियों या निगमों आदि के लिये।
  - 'अबाध संचरण' की स्वतंत्रता के दो आयाम हैं, आंतरिक (देश के अंदर जाने का अधिकार) और बाहरी (देश से बाहर जाने का अधिकार तथा देश में वापस आने का अधिकार)।
    - अनुच्छेद-19 केवल प्रथम आयाम की रक्षा करता है।
    - दूसरा आयाम अनुच्छेद-21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) के तहत विनियमित किया जाता है।
  - इस स्वतंत्रता पर प्रतिबंध केवल दो आधारों पर लगाया जा सकता है जिनका उल्लेख स्वयं संविधान के अनुच्छेद 19(5) में किया गया है, जिसमें आम जनता के हित और किसी अनुसूचित जनजाति के हितों की सुरक्षा करना शामिल है। **अतः कथन 2 सही है।**

70.

उत्तर: D

व्याख्या

- वह (1615-59) शाहजहाँ के सबसे बड़े पुत्र थे। उन्हें इतिहासकारों द्वारा एक 'उदार मुस्लिम' के रूप में वर्णित किया जाता है, जिन्होंने हिंदू और इस्लामी परंपराओं के बीच समानताएँ खोजने की कोशिश की।
- उन्हें भारत में अंतर-धार्मिक समझ के लिये अकादमिक आंदोलन के अग्रणी के रूप में जाना जाता है। उन्हें प्रमुख धर्मों, विशेष रूप से इस्लाम और हिंदू धर्म की गहरी समझ व ज्ञान था।
- उनकी सबसे महत्त्वपूर्ण रचनाएँ- 'मजमा-उल-बहरीन' (दो महासागरों का मिलन) और 'सिर-ए-अकबर' (महान रहस्य), हिंदू धर्म तथा इस्लाम के बीच संबंध स्थापित करने के लिये समर्पित हैं।
- उन्होंने संस्कृत और फारसी में दक्षता हासिल की तथा भारतीय संस्कृति एवं हिंदू धार्मिक विचारों को लोकप्रिय बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की।
- उन्होंने उपनिषदों और हिंदू धर्म तथा आध्यात्मिकता के अन्य महत्त्वपूर्ण स्रोतों का संस्कृत से फारसी में अनुवाद किया। इन अनुवादों के माध्यम से उन्होंने हिंदू संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं को यूरोप एवं पश्चिमी देशों तक पहुँचाया। **अतः विकल्प D सही है।**

दृष्टि The Vision

नोट :